दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 07 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 344 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3



## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप तलवार, 1947 में बंटवारे के बाद पाकिस्तान से आये थे भारत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार कुलदीप तलवार का 90 साल की उम्र में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे निधन हो गया। उन्होंने नेहरू नगर स्थित यशोदा हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। पैर की हड्डी टूटने से 26 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

हिंदी, उर्दू भाषा के कई अखबारों में उन्होंने लंबे समय तक लेखन कार्य किया। पाकिस्तान, अफगानिस्तान व पड़ोसी देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर उनकी पैनी नजर रहती थी। अपने लेखों से वह पाठकों तक पड़ोसी देशों की राजनीतिक हलचल को पहुंचाते रहते थे। उनके निधन से पत्रकारीय और साहित्यिक जगत में शोक की लहर है। निधन की सूचना पर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने काफी संख्या में लोग अशोक नगर स्थित उनके आवास पहुंचे। शाम को हिंडन श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बेटे रजत तलवार ने दी। इस मौके पर कुलदीप तलवार के छोटे भाई गदर फिल्म के लेखक शक्तिमान तलवार और परिवार के अन्य लोग, शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। पत्रकारिता में कदम रखने से पहले भारतीय खाद्य निगम( एफसीआई ) में महाप्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उनके नेतृत्व और प्रशासनिक कौशल ने संस्थान को एक नई दिशा दी। नौकरी करते हुए उन्होंने लेखन कार्य भी जारी रखा। मुम्बई से प्रकाशित होने वाले ब्लिट्ज और हिंदुस्तान टाइम्स जैसे कई अखबारों में समसामयिक विषयों पर लेखन कर समाज में अलख जगाते रहे।

वह अपने पीछे एक बेटा, रजत, और एक बेटी, एकता, छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी दिल्ली के राजकीय कालेज में संस्कृत की शिक्षक थीं। दो साल पहले उनका निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वह बीमार थे। वरिष्ठ साहित्यकार आलोक यात्री कहते हैं कि पत्रकारीय जगत की अपूर्णीय क्षति हुई है।

### 12 साल की उम्र में आ गए थे गाजियाबाद

**करंट क्राइम।** 16 नवम्बर 1934 को पाकिस्तान के खुशाब सरगोधा में जन्मे कुलदीप तलवार 1947 में बंटवारे के बाद परिवार के साथ गाजियाबाद आ गए थे। 78 वर्षीय सरदार गुरदीप आपको सिंह बताते हैं कि सबसे पहले वह बजरिया में कीर्तन वाली गली में रिफ्यूजी क्वार्टर में रहे। 6 भाई बहनों में वह दूसरे नंबर पर थे। उन्होंने जीवन में अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन एक सच्चे कर्मयोगी की तरह किया। उनकी हिंदी और उर्दू भाषा मजबूत पकड़ थी। शुरूआती दौर में लतीफे लिखते थे। उर्दू का हिंदी में अनुवाद करते थे। 1965 में उन्होंने लतीफे लिखे।

# अधिवक्ताओं की मीटिंग में बनी आंदोलन जारी रखने की रणनीति

# बार ने अधिवक्ताओं से की अपील, करें राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार

## शनिवार को भी अधिवक्ता करेंगे कार्य बहिष्कार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले जारी अधिवक्ताओं की हड़ताल को 38 दिन बीत चुके हैं। बीते 38 दिन से लगातार गाजियाबाद कचहरी का काम प्रभावित चल रहा है। कचहरी के साथ ही तहसील और बार संघ भी आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं। तो वहीं शुक्रवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बुलावे पर कई जिलों के बार एसोसिएशन अध्यक्ष व सचिव बैठक हुई और आंदोलन को आगे मजबूती से चलाने का फैसला लिया गया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया है कि अलग-अलग जनपदों से आए अधिवक्ताओं ने आंदोलन को जारी रखने का समर्थन किया है। साथ ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने सभी अधिवक्ताओं और गाजियाबाद बार एसोसिएशन के सदस्यों से अपील की है कि 14 दिसंबर को गाजियाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जाए।



### कई जिलों से पहुंचे अधिवक्ता, किया बार गाजियाबाद का समर्थन

करंट क्राइम : शुक्रवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले अलग-अलग जनपदों से आए बार अध्यक्ष और सचिवों ने गाजियाबाद बार को समर्थन दिया है। साथ ही आंदोलन जारी रखने पर सहमति बनी है। वहीं उन्होंने कहा है कि जिला जज का जब तक तबादला नहीं होता है या कोई कार्रवाई नहीं होगी, वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे। वहीं पुलिसकर्मियों पर भी अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। बता दें कि बीते 38 दिन से गाजियाबाद बार एसोसिएशन हड़ताल जारी रखे हुए है।

### लोनी ,मोदीनगर और तहसील सदर से भी मांगा समर्थन

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने अधिवक्ताओं की हड़ताल को जारी रखने के लिए शनिवार को भी कार्य बहिष्कार का समर्थन किया है। गाजियाबाद के अंतर्गत सभी तहसील, संघ और लोनी, मोदीनगर व तहसील सदर व सभी दस्तावेज लेखक संघ 2 दिसंबर से अनिश्चितकालीन रजिस्ट्री का कार्य बंद करने की अपील की गई थी, इसे भी जारी रखने का निर्णय लिया गया है।



## बार एसोसिएशन की सदस्यता समाप्त होने के बाद रखे मंत्री-विधायकों ने अपने विचार

## किसी ने कहा निर्णय जल्दबाजी में तो किसी ने कहा हमें ये है कार्रवाई स्वीकार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद बार एसोसिएशन के आहवान पर गाजियाबाद के अधिवक्ता इन दिनों हड़ताल पर है। जिला जज से विवाद के बाद अधिवक्ताओं ने आंदोलन चला दिया है। वो इस मुद्दे पर अडिग हैं और यहां वो पूरी तरह से न्यायिक कार्यों से विरत होकर आंदोलन में हैं। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने गाजियाबाद के कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायकों से लेकर मौजूदा कैबिनेट मंत्री और विधायक भी शामिल हैं। बार एसोसिएशन इस मामले में कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी की सदस्यता समाप्त करने का ऐलान किया। ये सभी लोग गाजियाबाद बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। ये बार चुनाव में मतदान करने के लिये भी आते हैं। सरकार के विधायक, सरकार के मंत्री अगर अपनी सदस्यता बार एसोसिएशन से खो रहे हैं तो उनका भी पक्ष जानना जरूरी है।

करंट क्राइम ने इस मुद्दे पर अधिवक्ता, विधायक और मंत्रियों से बात की और उनके विचार जाने। किसी ने बार के निर्णय को लेकर कहा कि फैसला जल्दबाजी में है तो किसी ने कहा कि ये कार्रवाई उन्हें स्वीकार है। बताते हैं कि बार एसोसिएशन ने अपने आंदोलन को लेकर अधिवक्ता, विधायक और मंत्रियों के नोटिस भेजा था। उनसे यह कहा था कि आप भी अधिवक्ता हों और आपको भी वकीलों के आंदोलन में आना चाहिए।

बताते हैं कि इस स्पष्टीकरण पत्र का अधिवक्ता, विधायकों और मंत्रियों ने कोई जवाब नहीं दिया और जब बार एसोसिएशन के लेटर पर नो रेस्पोंस का सीन रहा तो फिर बार ने खुद इस पर नोटिस लिया और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी की बार एसोसिएशन की सदस्यता समाप्त कर दी। इस मुद्दे पर करंट क्राइम ने सभी से बात की और उनकी राय जानी।

### यह ज्यूडिशरी का मामला है और मुझे इस पर कुछ नहीं कहना: कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नपे तुले अंदाज में अपनी बात रखते हैं। वो अधिवक्ता भी हैं और देश के नंबर वन विधायक भी हैं और सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं। बार एसोसिएशन से सदस्यता समाप्त किये जाने के सवाल पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि दरअसल यह ज्यूडिशरी से जुड़ा मामला है और यह सरकार का विषय नहीं है। उन्होंने कहा कि ये पूरा मामला हाईकोर्ट के अधीन है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को ज्यूडिशरी और हाईकोर्ट का मामला बताते हुए कहा कि मैं इस विषय पर कुछ नहीं कहना चाहता। जब करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से ये सवाल किया कि बार एसोसिएशन ने आपको नोटिस भेजा था और आप बार एसोसिएशन के सदस्य हैं तो इस पर आपका क्या कहना है। इस पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह बार एसोसिएशन का अधिकार है और बार एसोसिएशन का निर्णय मुझे स्वीकार है। उन्होंने कहा कि इससे अधिक मैं इस विषय पर कुछ नहीं कहना चाहता।

### बेहतर होता संवाद होता और ये जल्दबाजी में लिया गया फैसला: नरेंद्र कश्यप



**करंट क्राइम।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप पेशे से अधिवक्ता हैं और एक लंबे समय से वो प्रैक्टिस करते रहे हैं। बार एसोसिएशन के सदस्य हैं और उनकी भी सदस्यता बार एसोसिएशन ने समाप्त की। सदस्यता समाप्त होने के बाद करंट क्राइम से बातचीत में नरेंद्र कश्यप ने कहा कि जो चीज अपने हाथ में नहीं है उसके लिए पछतावा क्या करूं। उन्होंने कहा कि ये जल्दबाजी में लिया गया फैसला है और बेहतर होता कि पहले हमसे संवाद कायम करते। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वकील संघर्ष कर रहे हैं। ये न्याय का और ये उनकी गरिमा का मामला है। सदस्यता तो एक आनी जानी चीज है, लेकिन मैं फिर यही कहूंगा कि ये जल्दबाजी में लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा कि हमसे कोई डेलीगेशन मिलतो तो सही और मिलकर बात तो करता। संवाद की एक प्रक्रिया शुरू होती। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि जिन अधिवक्ता के साथ यह घटना हुई उनसे बात नहीं हुई। बार अध्यक्ष और बार सचिन ने कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं और उनको न्याय मिलना चाहिए। यह ज्यूडिशरी का मामला है और ज्यूडिशरी को ही फैसला लेना है। ये पूरा मामला बार एसोसिएशन और ज्यूडिशरी के बीच का है। मैं अधिवक्ता होने के नाते अधिवक्ताओं के साथ हूं, लेकिन मैं इस बात को भी दोहरा दूं कि हम संवैधानिक पदों पर आसीन हैं और हमारी कुछ सीमाएं हैं। संवैधानिक पदों पर होने के नाते संवैधानिक दायित्व हैं और उनका निर्वाह करना पड़ता है। फिर भी अगर बार एसोसिएशन का कोइ डेलीगेशन हमारे पास आता तो जरूर बात होती। बार पदाधिकारियों की भी ये जिम्मेदारी थी कि वो हमसे इस विषय पर बात करते। बार एसोसिएशन का फैसला हमें स्वीकार है।

### बार एसोसिएशन मेरा परिवार और मैं परिवार के साथ: अजीतपाल त्यागी



**करंट क्राइम।** मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी एडवोकेट हैं और बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। वकीलों के आंदोलन और बार की सदस्यता के सवाल पर उन्होंने बेहद नपे तुले शब्दों में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद मेरा परिवार है और मैं परेशानी में अपने परिवार के साथ हूं। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि मेरे परिवार ने जो भी निर्णय लिया है मैं उसके साथ हूं। उन्होंने कहा कि यह परिवार का मामला है, मैं अधिवक्ता हूं और इसके बाद उन्होंने सदस्यता को लेकर किसी भी प्रक्रिया से इनकार कर दिया।

### न्याय न्यायोचित आंदोलन और एकजुटता हो तो मैं सबसे पहले हूं साथ: नंदकिशोर गुर्जर



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गाजियाबाद बार एसोसिएशन की सदस्यता समाप्त होने के सवाल पर कहा कि मैं इलाहाबाद से भी सदस्य हूं। यहां उन्होंने इस पूरे प्रकरण को जिला जज बनाम पुलिस अधिकारी कनेक्ट किया। उन्होंने कहा कि जज तो लाठीचार्ज नहीं कराना चाहते थे और लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मैं एक अधिवक्ता होने के नाते बार एसोसिएशन के साथ हूं। मेरा ये मानना है कि आंदोलन न्यायोचित और तर्कपूर्ण नहीं है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दो धाराओं के उदाहरण देते हुए कहा कि 302 और 120 बी का जिक्र किया और किसी पर निशाना साधते हुए कहा कि 120 बी के मुजरिम को बड़ी सजा मिल रही है और 302 दो मुजरिम को छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन एकसमान होगा तो मैं सबसे पहले खड़ा रहूंगा। सदस्यता के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे बार एसोसिएशन का फैसला स्वीकार है लेकिन इस आंदोलन में कुछ इंटरनल विवाद है।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्र ध्रुव गर्ग ने अमेरिका में किया गाजियाबाद का नाम रोशन

### विश्व विद्वान कप के टूनार्मेंट में 5 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीतकर बने चैंपियन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में रहने वाले नेहरू वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 9के छात्र ध्रुव गर्ग ने गाजियाबाद का नाम अपनी योग्यता और सफलता के दम पर अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी में आयोजित एक बड़ी प्रतियोगिता में किया है। इस प्रतियोगिता में ध्रुव गर्ग ने 5 स्वर्ण पदक और तीन रजत पदक हासिल किए हैं। बताया जा रहा है कि इस प्रतियोगिता में पूरे विश्व में 3000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें ध्रुव गर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई खिताब जीते हैं। बता दें कि नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद में ध्रुव गर्ग कक्षा 9 के छात्र हैं। उन्होंने विश्व विद्वान कप के टूनामेंट आफ चैंपियंस जो कि अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित किया था। उसमें भाग लिया, यहां अपनी योग्यता मस्तिष्क और सवालों के बेहतर जवाब देकर ध्रुव गर्ग ने पांच स्वर्ण पदक और तीन रजत पदक



हासिल किए हैं। इस प्रतियोगिता में उन्हें पुरस्कार और पदक मिलने के बाद उनके स्कूल और घर में खुशी का माहौल है। तो वही कक्षा 9 के इस छात्र ने गाजियाबाद का भी नाम रोशन करने का काम किया है। बता दें कि इस प्रतियोगिता में पूरे विश्वभर की अलग-अलग कक्षाओं की विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें ध्रुव गर्ग का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा।

## घर जलने पर महिला ने लगाई गुहार तो डीएम साहब ने पहुंचाई मदद और राहत सामग्री

### डीएम ने तहसीलदार को मौके पर भेजा था

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** अधिकारी संवेदनशील हो तो पीड़ितों को परेशान नहीं होना पड़ता है। गुरुवार को एक पीड़ित बेटियों की मदद के लिए प्रशासन ने मदद की। दरअसल घर में आग लगने से सारा सामान जलकर खाक होने पर महिला ने डीएम गाजियाबाद से गुहार लगाई। पूरा मामला डीएम के संज्ञान में आया। जिसके बाद डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने तहसीलदार को मौके पर भेजा। जांच में आया कि महिला के घर में बेटी की शादी के लिए रखा सामान भी जल गया।





### जल गया था बेटी की शादी का सामान

**करंट क्राइम ।** दीनदयाल पुरी नंदग्राम निवासी फरमान की पूर्व में मौत हो चुकी है। एक दिन पहले फरमान की पत्नी शन्नो ने डीएम इन्द्र विक्रम सिंह से पूरी घटना बताई। पीड़िता ने डीएम को बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने की वजह से मेरे घर में आग लग गई थी। जिससे बेटी की शादी के लिए रखा सामान और घर का सभी सामान जलकर खाक हो गया। जिसपर उन्होंने पीड़ित महिला की मदद के निर्देश दिए हैं। सर्दी से बचाव के लिए पीड़ित परिवार को कपड़े व अन्य सामान भी उपलब्ध कराया

### साहब खाने को राशन भी नहीं बचा

**करंट क्राइम ।** पीड़िता ने कहा कि मेरे चार बेटियां व एक बेटा है। सारा घर जलने के बाद खाने के लिए राशन भी नहीं बचा। डीएम ने तहसीलदार सदर रवि कुमार को मौके पर भेजा। जहां महिला की बात सही पाई गई, प्रशासन ने महिला को ठंड से बचाव के लिए 5 कंबल सहित घर में राशन से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही बताया कि घर जलने पर जो शासकीय सहायता दी जाती है वह उन्हें 24 घंटे में प्राप्त करा दी जाएगी।

## कांग्रेस कमेटियां भंग होने के बाद भी अध्यक्षों के हाथ में रहेगी कमान

### कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में वो करते रहेंगे काम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के संगठन भंग होने के बाद भी अध्यक्षों के हाथ में कमान रहेगी। कमेटियां भंग हो, लेकिन कामकाज में कोई दिक्कत ना आए इसके लिये व्यवस्था बनाई गई है। गौरतलब है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पांच दिसंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के सभी जिला, शहर और ब्लॉक कमेटी को भी तत्काल प्रभाव से भंग करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। कांग्रेस के सांसद और राष्ट्रीय महासचिव केसी रेणुगोपाल ने ये लेटर जारी किया। उसके बाद से ये एक सवाल था कि अब कांग्रेस क्या भंग कमेटियों के सहारे चलेगी, लेकिन ये बताया जाता है कि सभी अध्यक्ष कार्यवाहक के रूप में बने रहेंगे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने करंट क्राइम से बातचीत में ये कहा कि पार्टी के निदेर्शानुसार वो भी कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करते रहेंगे। इसी तरह जिला अध्यक्ष के लिये भी यही व्यवस्था रहेगी।

### उपचुनाव के नतीजों से हैरान या संगठन में आनी नई जान

**करंट क्राइम।** कांग्रेस अब हर चुनाव में मुकाबले में आ रही है। उसने उपचुनाव में भले ही सपा को सीटें दीं लेकिन वो अब निगम के उपचुनाव में मैदान में है। उपचुनावों के नतीजे के बाद कांग्रेस ने यूपी में प्रदेश से लेकर महानगर संगठन को भंग किया है। ये उपचुनाव के नतीजों के हैरानी है या फिर कांग्रेस की 2027 को लेकर अपनी तैयारी है। क्या वो संगठन में नए चेहरे लेकर आ रही है। भंग करने का संदेश यही है कि कांग्रेस यहां नई भर्तियों के साथ अपनी तैयारी शुरू करेगी।

# राज्यसभा में नोटों की गड्डियां मिलने पर हुआ हंगामा

## आरोपों पर कांग्रेस सांसद ने दी सफाई, कहा- सीट के पास एक कांच का बॉक्स...



**नई दिल्ली।** कांग्रेस का मानना है कि यह अदाणी मामले से ध्यान भटकाने की चाल है। अगर कोई जेब में 50,000 रुपये लेकर जा रहा है तो यह कोई अपराध नहीं है। राज्यसभा में नोटों की गड्डियां मिलने पर हंगामा हो गया है। ये गड्डियां कथित तौर पर गुरुवार को कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से मिली हैं। कार्यवाही के बाद सदन की जांच के दौरान ये गड्डियां मिलीं। सभापति ने इस पूरे मामले की जांच कराने की बात कही। बढ़ते विवाद के बीच, कांग्रेस नेता ने आरोपों से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सदन में मिले पैसे उनके नहीं है और वे सदन में सिर्फ 500 का नोट लेकर गए थे।

### क्या है मामला?

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, 'मैं सदस्यों को सूचित करना चाहता हूं कि कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद नियमित जांच पड़ताल के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने सीट संख्या 222 से 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी बरामद की। गड्डी में 100 नोटें हैं। यह सीट वर्तमान में तेलंगाना राज्य से निर्वाचित अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। मामला मेरे संज्ञान में लाया गया और मैंने सुनिश्चित किया कि जांच हो और जांच चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि नोट असली हैं या नकली।'

कांग्रेस सांसद और सदन में पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति द्वारा इसे किसी एक पार्टी से जोड़ने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब घटना की जांच होगी तो उसमें साफ होगा कि कौन दोषी है, लेकिन अभी किसी पर सीधे आरोप लगाना सही नहीं है। इस पर सभापति ने कहा कि उन्होंने सिर्फ सीट नंबर की जानकारी दी है और इसे किसी पार्टी विशेष से नहीं जोड़ा है।

### क्या बोले सिंघवी?

वहीं आरोपों पर कांग्रेस सांसद और अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, 'मैं इस बारे में सुनकर ही हैरान हूं। मैंने इसके बारे में कभी नहीं सुना। मैं कल दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर सदन के अंदर पहुंचा। सदन से दोपहर एक बजे उठा। दोपहर एक से डेढ बजे तक मैं अयोध्या प्रसाद के साथ कैंटीन में बैठा और लंच किया। दोपहर डेढ़ बजे मैं संसद से चला गया। इसलिए कल मैं सदन में कुल तीन मिनट और कैंटीन में 30 मिनट रहा।'

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे यह अजीब लगता है कि ऐसे मुद्दों पर भी राजनीति की जाती है। बेशक इस बात की जांच होनी चाहिए कि लोग कैसे कहीं भी किसी भी सीट पर कुछ भी रख सकते हैं। इसका मतलब है कि हममें से हर किसी के पास एक सीट होनी चाहिए, जिसके चारों ओर कांच का एक बॉक्स बनाया जाना चाहिए। उसमें ताला और चाबी होनी चाहिए ताकि जो भी सांसद दिन हो या रात के समय बाहर निकले, वह जाने से पहले उसे लॉक कर दे और चाबी साथ ले जाए। ऐसे तो हर कोई सीट पर बैठकर कुछ भी कर सकता है और इस बारे में आरोप लगा सकता है। अगर यह दुखद और गंभीर नहीं होता तो यह हास्यास्पद होता। हर चीज का राजनीतिकरण करना, हर चीज में आरोप-प्रत्यारोप लगाना हमारी पूरी व्यवस्था को खराब दिखाता है।'

### 'अदाणी मुद्दे से ध्यान हटाने की चाल'

कांग्रेस सूत्र ने कहा, 'कांग्रेस का मानना है कि यह अदाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने की चाल है। अगर कोई अपनी जेब में 50 हजार रुपये लेकर चल रहा है तो यह अपराध नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने राज्यसभा सभापति जगदीप धाखड़ से मुलाकात की है और किसी एजेंसी से मामले की जांच कराने या इस पर जेपीसी बनाने का अनुरोध किया है।'

# शंभू बॉर्डर से किसानों ने किया दिल्ली की तरफ कूच, पुलिस ने लगाए कटीले तार



**नई दिल्ली।** पंजाब-हरियाणा (शंभू) बॉर्डर से किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस आंदोलन को 'दिल्ली चलो' नाम दिया गया है। पुलिस ने इन किसानों को रोकने के लिए कटीले तार और तमाम तरह के अवरोधों को सड़कों पर लगाया है। किसानों ने इन तारों और अवरोधों को सड़क से हटाकर अपनी यात्रा जारी रखी है। इस घटना के वीडियो में किसान कटीले तारों को हटाकर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दिखाया गया है किस तरह से किसानों की भीड़ तारों को हटाते हुए उन्हें रास्ते पर किनारे करने के बाद आगे बढ़ रही है। वहीं, एक अन्य वीडियो में पुलिस किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकते हुए दिखाई दे रही है। वीडियो में पुलिसकर्मी किसानों के पास पिस्टल होने की बात भी कह रहे हैं। जिससे किसान मना कर रहे हैं। एक और वीडियो में पुलिसकर्मी किसानों के मार्च के बीच एक जाली के अंदर खड़े दिखाई दे रहे हैं, साथ ही अंदर से ही पुलिसकर्मी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि पंजाब-हरियाणा (शंभू) बॉर्डर से किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

इस आंदोलन में शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से 8 महीने से ज्यादा समय से धरना दे रहे किसान अब ट्रैक्टर-ट्रॉली के बिना पैदल ही दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को 101 किसानों का पहला जत्था शंभू बॉर्डर पर एकत्र होकर रवाना होने की योजना बना रहा है। किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सार्वजनिक सभाओं और जुलूसों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही ड्रोन और वाटर कैनन की व्यवस्था भी की गई है। शंभू बॉर्डर पंजाब के पटियाला और हरियाणा के अंबाला को जोड़ता है।

# ना राजू ना भीम सिंह, इन्द्रराज हूं मैं... गाजियाबाद में गिरफ्तार हुआ ठग

## कई नामों से नौ परिवारों को बनाया शिकार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अपना नाम कभी राजू तो कभी भीम सिंह बताते पुलिस को अपहरण की कहानी सुनाने वाले युवक की असली पहचान राजस्थान के इन्द्रराज के रूप में हुई है। शुक्रवार को साहिबाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वह नौ परिवार में पहचान छिपाकर रहा, चार परिवार के बारे में पुलिस ने जानकारी जुटा ली है।

पांच अन्य परिवार के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस जांच में पता चला कि बिना कोई मेहनत किए ऐशो-आराम की जिंदगी गुजारने के लिए वह लोगों के घर में पहचान छिपाकर रहता था, जब शक होता कि उसकी पोल खुल जाएगी तो बहाने से उस घर को छोड़कर दूसरे घर की तलाश में निकल जाता था। फिर किसी भी थाने में पहुंचता और वहां पर वह पुलिस से कहता कि उसका अपहरण हुआ है, पुलिस जब उसकी पहचान के लिए लोगों को बुलाती तो किसी एक परिवार को वह अपना परिवार कहता और उनके साथ रहने लगता था।

# वार्ड 94 में पार्षद कृष्ण मोहन खेमका ने करवाए दो समरसेबल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 94 सूर्य नगर में पार्षद कृष्ण मोहन खेमका ने सूर्य नगर स्थित तिकोना पार्क सबमर्सिबल लगाया गया। वही रामपुरी स्थित पार्क में भी समरसेबल लगाया गया जिससे पार्क के पौधों की सिंचाई हो सके और क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जा सके। उद्घाटन के कार्य वार्ड के लोगों द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा कार्यकारिणी सदस्य वह बॉबी त्यागी,बीरधी चंद गोयल, आनंद स्वरूप गोयल, आदि स्थानीय लोगों ने उपस्थित रहे । सबमर्सिबल लगने से क्षेत्र की जनता में खुशी का माहौल है उन्होंने पार्षद का आभार व्यक्तित्व और कहा क्षेत्र में पार्षद विकास के कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर पार्षद ने कहा कि बी ब्लॉक रामपुरी पार्क में पौधों को पानी देने के लिए 2 पंप हो जाएंगे । उन्होंने कहा कि पूर्व में सूर्यनगर की स्थापना होने के बाद ( 35 - 40 वर्ष ) से आज तक रामपुरी बी ब्लॉक पार्क में केवल एक पंप था। सूर्यनगर रामपुरी वार्ड का विकास हो रहा है और नित नए आयाम स्थापित हो रहे है ।

# अभिवावकों ने लगाया वेदास ग्लोबल स्कूल पर मनमानी का आरोप

## तीन सालों में शीतकालीन व ग्रीष्माकालीन यूनिफार्म पांच बार बदली

- विद्यार्थियों को किताबें, कॉपी और पूरी यूनिफार्म स्कूल से ही खरीदने को किया जाता है मजबूर
- अभिभावकों ने बीएसए से की शिकायत, कहा–नियमों का उल्लंघन कर रही प्रधानाचार्या
- बेटियों की मां ने कहा– क्या मोदी–योगी के राज में अशिक्षित रह जायेगी मेरी बेटियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिछले काफी समय से स्कूल चलाने वाले अधिकतर प्रबंधक धनलोभी हो गए हैं। जिन्होंने शिक्षा के मंदिर को अधिक धन कमाने का व्यवसाय बना दिया है। जिनकी शिकायतें और भ्रष्टाचार की खबरें निरंतर समाचार पत्रों मे प्रकाशित होती चली आ रही हैं। पैरेन्टस एसोसिएशन, सामाजिक संस्थाओं सहित जिला प्रशासन और सरकार द्वारा इनकी मनमानी पर काबू पाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है, पर लगता है कि योगी सरकार के आदेशों और शिक्षा विभाग के नियमों का इन पर कोई भी असर नहीं पड़ रहा है। योगी–मोदी सरकार जहां शत–प्रतिशत शिक्षित भारत बनाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। जिसमें बेटी पढ़ाओं–बेटी बचाओं उनकी प्रथम प्राथमिकता है, तो वहीं कुछ स्कूल अपने धन लालच को लेकर मनमानी पर अड़े हुए हैं।

बताते चलें कि जनपद गाजियाबाद के थाना कोतवाली घंटाघर के राकेश मार्ग, आरके बैंकेट हॉल के समीप वेदास ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या द्वारा अपनी पूरी मनमानी दिखाई जा रही है। दुर्गेश आर्य निवासी राकेश मार्ग, गाजियाबाद ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उक्त वेदास ग्लोबल स्कूल में उनकी दो पुत्रियां कक्षा 2 व 3 में पढ़ती है, जो कि पिछले तीन वर्षों से इस स्कूल में अध्यनरत हैं। स्कूल द्वारा हर शीतकालीन व ग्रीष्मकालीन सत्र में स्कूल यूनिफार्म बदल दी जाती है। साथ ही अवगत कराना है कि उक्त स्कूल द्वारा विद्यार्थियों की किताबे, कॉपी सहित पूर्ण यूनिफार्म स्कूल से ही खरदीनी पड़ती है। जहां उनका मूल्य अत्यधिक होता है। महिला का कहना है कि इस वर्ष आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिस कारण हमारे द्वारा शीतकालीन यूनिफार्म नहीं खरीदी जा सकी, जिसके लिए स्कूल प्रधानाचार्या के आदेश पर कक्षाध्यापकों द्वारा मेरी पुत्रियों को कक्षा के बाहर खड़ा किया जाता है, जो कि बिल्कुल गलत व असहनीय हैं। इसी के साथ मुझे कॉल कर व स्कूल में बुलाकर यह कहला दिया गया कि या तो स्कूल की गाइडलाइन को फोलों करें अन्यथा अपनी पुत्रियों को नाम कटवा लें, हमें स्कूल के नियमों के अनुसार ही बच्चों को स्कूल में रखेंगे।

आर्य ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से निवेदन किया कि उन्हें न्याय दिलाते हुए स्कूल की मनमानी पर अंकुश लगाया जाए। जिससे की सभी अभिभावकों को न्याय मिल सके और वे अपने बच्चों की शिक्षा को पूर्ण करा सके। वहीं आर्य ने कहा कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखते हुए उन्हें उक्त मामले से अवगत कराते हुए न्याय की मांग करेंगी और यदि स्थिति ऐसी ही रही तो वे अपनी बेटियों को शिक्षा नहीं दिलायेंगी।

# कांग्रेस पार्टी सामंजस्य बिठाकर करेगी काम संगठन को मजबूती प्राथमिकता: अजय राय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति को भंग किए जाने को अजय राय ने सही करार दिया है। उनके मुताबिक ये संगठन को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा हमारी जो कमियां हैं उसे दूर करेंगे। अजय राय ने कहा कि निश्चित तौर से हम सब नए पुराने का सामंजस्य बिठाकर काम करेंगे। आज प्रदेश की जनता परेशान है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता प्रदेश की तरक्की और संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने आगे कहा, हम एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नेता सदन से लेकर सड़क तक जनता के मुद्दों को उठाने का काम करेंगे। हम लोगों ने सामूहिक तौर पर प्रस्ताव पारित करके आलाकमान को भेजा था। जिसके बाद यह फैसला हुआ है। हमारी जो कमियां है उसे ठीक करके हम आगे बढ़ेंगे। देश, जिला, शहर और ब्लॉक कमेटियों को मजबूत करने का काम किया जाएगा। संभल मुद्दे पर अजय राय ने कहा कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता इस मुद्दे को लेकर सड़क पर हैं और हम लोग पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का काम करेंगे। जिन अधिकारियों ने निर्दोष लोगों की हत्याएं की हैं, उनके ऊपर 302 का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। अगर योगी सरकार ऐसा करने में विफल रहती है तो जब हम सत्ता में आएंगे तो ऐसे अधिकारियों को चिन्हित करके सजा दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की पूरी कोशिश थी कि संभल में हुए अत्याचार और अन्याय को बाहर न आने दिया जाए। वह चाहते हैं कि हिंसा की सच्चाई सामने न आए। यही कारण था कि पहले हमें संभल जाने से रोका गया और फिर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी रोका गया। यह सब जानबूझकर किया गया है। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रदेश, जिला, शहर और ब्लॉक समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# लोकसभा स्पीकर बोले, सदन की गरिमा नहीं गिरने दूंगा, 43 सेकेंड में सदन स्थगित



**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही को विपक्षी दलों के हंगामे के चलते महज 43 सेकेंड में ही स्थगित कर दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं सदन की गरिमा नहीं गिरने दूंगा।ह्व उन्होंने विपक्षी सांसदों से सवालिया लहजे में कहा, ह्लयह प्रश्नकाल है, क्या आप सदन नहीं चलने देना चाहते हैं? आप प्रश्नकाल नहीं चलने देना चाहते? उन्होंने कहा, ह्लसदन गरिमा और उच्च कोटि की परंपरा से चलेगा। सदन के अंदर न गरिमा गिरने दूंगा और न ही मयार्दा कम होने दूंगा। उन्होंने कहा, ह्लमेरा आपसे आग्रह है कि आप लोग प्रश्नकाल में सहयोग करें।ह्व इसके बाद लोकसभा स्पीकर ने सदन को एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया। उल्लेखनीय है कि 25 नवंबर के बाद से सदन में विपक्षी दलों के द्वारा लगातार हंगामा देखने को मिल रहा है। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने आकर अपना स्थान ग्रहण ही किया था कि विपक्षी सांसदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं का सदन में हंगामा जारी रहा। लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने कई मुद्दे उठाए। इनमें प्रमुख रूप से संभल हिंसा शामिल था। वहीं बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि के मौके पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा सहित विपक्षी नेता संविधान की पुस्तक लेकर पहुंचे और उन्होंने 'जय संविधान' के नारे भी लगाए। कांग्रेस सांसद गौरव गोगई ने कहा, ह्लसरकार को समझना चाहिए कि किसानों के मुद्दे गंभीर हैं। किसानों के लिए सरकार को समाधान का रास्ता तैयार करना चाहिए। हम किसानों को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। किसानों को इस बार झूठे दिलासे नहीं दिए जाने चाहिए।

# हेमंत सोरेन ने मंत्रियों के बीच बांटे विभाग राधाकृष्ण को वित्त और इरफान को स्वास्थ्य मंत्रालय



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट के सभी मंत्रियों के बीच विभागों को बंटवारा कर दिया है। इसकी अधिसूचना शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे जारी की गई। सीएम सोरेन ने अपने पास कार्मिक, प्रशासन सुधार एवं राजभाषा, गृह (कारा सहित) विभाग, पथ निर्माण, भवन निर्माण और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग रखे हैं। इसके अलावा राधाकृष्ण किशोर को वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास और संसदीय कार्य विभाग आवंटित किया गया है। दीपक बिरुआ को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार और परिवहन विभाग दिया गया है, जबकि चमरा लिंडा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग के मंत्री होंगे। संजय प्रसाद यादव को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल और उद्योग विभाग दिए गए हैं। रामदास सोरेन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और निबंधन विभाग के मंत्री बनाए गए हैं। इरफान अंसारी को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण के अलावा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले और आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। हफीजुल हसन को जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय आवंटित किया गया है। वहीं, दीपिका पांडेय सिंह ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज विभाग की मंत्री बनाई गई हैं। योगेंद्र प्रसाद को पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग आवंटित किया गया है। सुदिव्य कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अलावा पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिल्पी नेहा तिर्की को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा जो विभाग किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं, वे मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। विभागों के बंटवारे की अधिसूचना सरकार की प्रधान सचिव वंदना डाडेल के हस्ताक्षर से जारी की गई है।

# एक्सप्रेसवे पर पलटी स्लीपर बस, छह यात्रियों की मौत और 40 घायल, अस्पताल में भर्ती



**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस टैंकर से टकरा कर पलट गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 गंभीर रूप से घायल हो गए। कन्नौज जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर लखनऊ से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार स्लीपर बस अचानक पलट गई हादसे में छह यात्रियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक सवारियां घायल हो गई। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सैफई, राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार दोपहर बाद लखनऊ से दिल्ली जा रही स्लीपर बस सौरिख थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 140 के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक सवारियां घायल हो गई।

### बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला

घायल यात्रियों ने बताया कि चालक को झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे पौधों में सिंचाई कर रहे टैंकर से जा टकराई और पलट गई। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। मौके पर यूपीडा की टीम और पुलिस भी पहुंच गई। सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

### हादसे में छह लोगों की मौत

घटना की जानकारी पाकर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, सौरिख थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई, जिसमें एक महिला है। अभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। हादसे में बस के चालक की भी मौत हो गई है।

### मंत्री भी पहुंचे, घायलों को भिजवाया अस्पताल

एक्सप्रेस वे पर गुजर रहे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया और उनका अच्छे से इलाज करने के निर्देश दिए। मंत्री ने डीएम से भी बात की और हादसे की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# महाकुंभ 2025 : साधु-संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की परंपरा को जारी रखेगी योगी सरकार





**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। श्रद्धालुओं के लिए यह महाकुंभ एक शानदार अनुभव हो, इसके लिए स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा सभी चीजों का खास ध्यान रखा जा रहा है। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता को आयाम देने के लिए श्रद्धालुओं पर हर बार की तरह इस बार भी आकाश से पुष्प वर्षा किए जाने की योजना पर भी काम हो रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार इससे पहले भी कुंभ, माघ मेला समेत कई धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करती रही है। इस परम्परा का महाकुंभ 2025 के दौरान भी पालन किए जाने की योजना है। प्रयागराज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने इस संबंध में बताया कि उत्तर प्रदेश में कई धार्मिक आयोजनों के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं, साधु और संतों पर पुष्प वर्षा की जाती रही है।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप महाकुंभ 2025 में भी इस परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। नागा संन्यासियों एवं अन्य साधु संतों के साथ-साथ श्रद्धालुओं पर भी पुष्प वर्षा किए जाने की योजना है। सामान्यतः संगम नोज पर पुष्प वर्षा किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन इस बार चूंकि और अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे तो ऐसे में संगम नोज के साथ-साथ अन्य सभी घाटों पर भी पुष्प वर्षा को लेकर चर्चा चल रही है। जल्द ही इस पर कार्ययोजना तैयार कर ली जाएगी।

योगी सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा सनातन संस्कृति व आस्था को नमन करने का प्रतीक बन गया है। कुंभ के दौरान पवित्र स्नान पर्व हों, या फिर माघ मेला या कांवड़ियों की यात्रा, योगी सरकार पुष्प वर्षा के माध्यम से आस्था को नमन करना नहीं भूलती। स्वयं सीएम योगी कई बार हेलीकॉप्टर और मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर सनातन संस्कृति का मान बढ़ाने के अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहे हैं। 2021 कुंभ के दौरान भी मौनी अमावस्या के दिन संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई थी। तब भी सोशल मीडिया पर यूपी में पुष्प वर्षा हैशटैग काफी ट्रेंड हुआ था। महाकुंभ 2025 में इस परंपरा को जारी रखते हुए और भी बड़े पैमाने पर इसका आयोजन किए जाने की संभावना है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sanjay Tyagi
44m

इतना सन्नाटा क्यों है कारण अवश्य बताइए भाई जय श्री राम



# कवि नगर रामलीला मैदान में होगी हिंदू आक्रोश सभा

## पुलिस से लेकर खुफिया विभाग और हिंदू संगठन कर रहे हैं तैयारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** 8 दिसंबर को कवि नगर रामलीला मैदान में समस्त हिंदू समाज गाजियाबाद द्वारा हिंदू आक्रोश सभा का आयोजन किया जा रहा है। बताया जा रहा है इस कार्यक्रम का मकसद बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार का विरोध करना है। इस कार्यक्रम में कई हिंदूवादी संगठन पूरी शिद्दत से मेहनत कर रहे हैं। सुनने में आया है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारियों को जो भीड़ का लक्ष्य बताया गया है, उससे इस आयोजन पर पुलिस के आलाधिकारियों का भी ध्यान केंद्रित हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित किया जाना है।






### कार्यक्रम के पीछे हैं कई हिंदूवादी संगठन

**करंट क्राइम ।** सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस कार्यक्रम का मकसद हिंदुओं की एकता को दिखाना और अपना संख्या बल प्रदर्शित करना है। सूत्र बता रहे हैं कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अलग-अलग हिंदूवादी संगठनों के प्रमुख चेहरों को शामिल किया जाएगा। तो वहीं हिंदू समाज के लोगों को बड़ी संख्या में आमंत्रित किया गया है। इसमें कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदू समाज को एकजुट करने वाले संगठन भी एक्टिव मोड में आ गए हैं। उधर पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारी भी इस कार्यक्रम को लेकर काफी इनपुट जुटा रहे हैं। साथ ही यहां सुरक्षा से लेकर पार्किंग और यातायात से लेकर राहत एवं बचाव की इंतजाम करने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

### रविवार के दिन है आयोजन, इसीलिए टेंशन में है अधिकारी

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि कवि नगर रामलीला मैदान में समस्त हिंदू समाज गाजियाबाद जिला द्वारा आयोजित हिंदू आक्रोश सभा को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में अलग-अलग हिंदूवादी संगठनों को आमंत्रित किया गया है। इसमें शहर से लेकर देहात और जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले प्रमुख हिंदूवादी लोगों को भी शामिल किया जा रहा है। रविवार के दिन आयोजन है, तो छुट्टी का दिन भी है। बड़ी संख्या में भीड़ जुटने का अनुमान है। तो इसी को लेकर पुलिस-प्रशासन खुफिया तंत्र और यातायात पुलिस से लेकर अन्य एजेंसियां इस पर नजर रखने का काम कर रही हैं।




# टैक्स वसूली पर नगर आयुक्त से मिले पार्षदों के विचार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** टैक्स वसूली को लेकर एक तरफ जहां सरकार बनाम अधिकारी मोर्चा खुला और बाकायदा प्रस्ताव लाने की बात कही गई। वहीं दूसरी तरफ इस मामले में शुक्रवार को एक मोड़ आया। खास बात ये थी कि जिस टैक्स वसूली को लेकर सवाल उठ रहे हैं उसी टैक्स वसूली को लेकर भाजपा-कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों के विचार नगर आयुक्त से मिले। इन पार्षदों ने नगर आयुक्त के साथ बैठक ये योजना बनाई कि किस तरीके से वसूली की रफ्तार को बढ़ाया जा सकता है। खास बात ये है कि जिस पार्षदों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की और टैक्स वसूली की बात की उन पार्षदों ने भाजपा-कांग्रेस से लेकर निर्दलीय भी शामिल है। शुक्रवार को जिन पार्षदों ने शहर के विकास को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात की उनमें कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा, भाजपा पार्षद रामनिवास बंसल, भाजपा पार्षद मनोज पाल और निर्दलीय पार्षद धीरेंद्र यादव बिल्लू शामिल रहे। हाउस टैक्स की वसूली को रफ्तार देने के लिये इन पार्षदों ने अधिकारियों के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाई। नगर आयुक्त ने भी पार्षदों के साथ वार्ता करते हुए कहा कि टैक्स कलेक्शन शहर के विकास का आधार है। नगर आयुक्त ने टैक्स कलेक्शन को बढ़ाने के लिये क्षेत्रीय पार्षदों से सहयोग की अपील की।



## भाजपा-कांग्रेस-निर्दलीय पार्षदों ने बनाई योजना, कैसे बढ़े वसूली की रफ्तार



### नगर आयुक्त ने कहा-पार्षदों के पत्रों पर तत्काल प्रभाव से हो कार्रवाई


**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग तथा उद्यान विभाग टीम को यह निर्देश दिये गये कि पार्षदों से मिले पत्रों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित करें। वहीं अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर नगर आयुक्त से मिलने वाले पार्षदों में पार्षद नरेश जाटव, पार्षद भारत गौतम, पार्षद बिजेंद्र चौहान, पार्षद प्रवीण भाटी ने भी मुलाकात की। टैक्स कलेक्शन को बढ़ाने के लिये सभी पार्षदों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कैंप लगाने और जन-जन को जागरूक करने का विषय रखा गया।

# क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आएगा आईपीएस पोस्टिंग पर कोई ट्विस्ट

## होगी किसी आईपीएस की पोस्टिंग या खाली रहेगी एक सीट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का बस्ती तबादला हो गया है। उनके तबादला होने के बाद वह छुट्टी पर चले गए हैं ,पर अभी उन्हें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से रिलीव नहीं किया गया है। उनकी यहां फेयरवेल पार्टी भी नहीं हुई है। तो वहीं सूत्र यह भी बता रहे हैं कि मुख्यालय का जो प्रभार उनके पास था, उसे वर्तमान में डीसीपी सिटी जोन निभाने का काम कर रहे हैं। उधर पुलिस महकमें में चर्चा है की संभावना यह है कि आने वाले दिनों में गाजियाबाद में किसी आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग हो सकती है, या उनको एडिशनल सीपी के कार्यों की जिम्मेदारी दी जा सकती है लेकिन अभी यह तय नहीं है कि यह लिस्ट कब तक आएगी और लिस्ट आने के बाद क्या ट्विस्ट आता है।

## क्या जल्द आने वाली है एसीपी की भी कोई लिस्ट




### हो रही है चर्चा आने वाली है एसीपी वाली भी लिस्ट

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के भीतर चर्चा है कि आने वाले कुछ दिनों के भीतर एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। इसमें सिटी से लेकर देहात व नदिया पार का लिंक बन रहा है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में जो एसीपी स्तर की लोकल तबादला लिस्ट आती है, उसमें किसको चार्ज मिलता है। किसको साइड लाइन किया जाता है और किस पर अधिकारी भरोसा जताते हुए ,उसे दूसरे सर्किल की जिम्मेदारी सौंपने का काम करते हैं।

### क्या 2011 बैच के आईपीएस से जुड़ेगा कमिश्नरेट का नाता

**करंट क्राइम ।** लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते दिनों जो एक आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट आई थी, उसमें रवानगी के आदेश से लेकर यहां कौन आएगा यह है नहीं दशार्या गया था। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से 2011 बैच के किसी आईपीएस का नाम जुड़ सकता है। वह आईपीएस यहां कुछ दिनों तक एडिशनल सीपी वाला काम संभालेंगे और फिर प्रमोशन होने के बाद जनवरी से उनके यहां वाले पद पर ही तैनाती भी हो सकती है। चर्चा है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 2011 बैच का कोई ऐसा अधिकारी भेजा जा सकता है, जो पूर्व में पश्चिम में भी नौकरी कर चुका है।

# जब कलक्ट्रेट वाली बैठक में नहीं पहुंचे बैंक प्रतिनिधि निजी और सरकारी

## डीएम ने जताई नाराजगी और स्पष्टीकरण के नोटिस कर दिये जारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डीएम वाली बैठक को हल्के में लेना बैंक कर्मचारियों को महंगा पड़ा है। डीएम ने नाराजगी जताई है और इन बैंकों के प्रतिनिधियों को नोटिस जारी किया है। ये प्रतिनिधि जिलाधिकारी की बैठक में नहीं पहुंचे थे। गौरतलब है कि कलक्ट्रेट में बैंक प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में बैंक प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे थे जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और स्पष्टीकरण मांगा। इन बैंक के प्रतिनिधियों को बैठक में उपस्थित ना होने के संबंध में स्पष्टीकरण देना है।

### इन दस बैंकों के प्रतिनिधि नहीं पहुंचे थे कलक्ट्रेट वाली बैठक में

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने जब योजनाओं की प्रगति के संबंध में बैंकर्स की बैठक बुलाई तो उसमें दस बैंकों के प्रतिनिधि नहीं पहुंचे। इस बैठक में गैरहाजिर रहने वाले जिला समन्वयक में कोटक महिंद्रा बैंक, सर्वयूपी ग्रामीण बैंक लिमिटेड, आईसीआईसी एआई बैंक, लक्ष्मी विलास बैंक, फैडरेल बैंक लिमिटेड, नैनीताल बैंक लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, रत्नाकर बैंक शामिल हैं। इन बैंकों के प्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंचे।

### बैंकों को निर्देश, शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को करें प्राप्त

**करंट क्राइम।** इस बैठक में अध्यक्ष के रूप में जिलाधिकारी इंद्रविक्रम सिंह ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि वो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु आवेदनों का पूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। बैंकवार समीक्षा के दौरान बैंको को तिथि निर्धारित कर प्रकरणों का निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डिप्टी कमिश्नर उद्योग एवं अग्रणी जिला प्रबंधक को संबंधित बैंकों से अनुश्रवण कर प्रकरणों का निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती पुष्पांजलि, डिप्टी कमिश्नर जिला उद्योग केंद्र श्रीनाथ पासवान, एलडीएम बुद्धराम, एआरओ आपूर्ति विशाल यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेदप्रकाश मिश्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# ड्रोन से रखी गई निगरानी और पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में निकाला पैदल मार्च

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को फ्राइडे अलर्ट वाला सीन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में था। दरअसल शुक्रवार को 22 जिलों के अधिवक्ताओं की गाजियाबाद कचहरी में महत्वपूर्ण बैठक थी। तो वहीं संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्माण दिवस था। इसके साथ ही बाबरी मस्जिद विध्वंश कांड 6 दिसंबर के चलते विशेष सतर्कता पुलिस बरत रही थी। तो वहीं किसानों और संभल में हुई हिंसा को लेकर भी पुलिस को एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में शुक्रवार को फ्राइडे अलर्ट के बीच शांतिपूर्वक बिताने की जानकारी मिली है।

## कमिश्नरेट में शांतिपूर्वक बीता फ्राइडे अलर्ट







### सोशल मीडिया और संवेदनशील इलाकों पर रखी गई नजर

**करंट क्राइम ।** फ्राइडे अलर्ट को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारी सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखने का काम कर रहे थे। तो वहीं संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और पुलिस की पैदल गश्त के जरिए सुरक्षा का माहौल बनाया गया ताकि कहीं किसी प्रकार की स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल ना होने पाए।

### लोनी, खोड़ा, कैला भट्टा और मसूरी में पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

**करंट क्राइम ।** शुक्रवार को फ्राइडे अलर्ट था और इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लोनी थानाक्षेत्र, खोड़ा, कैला भट्टा व मसूरी थानाक्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च निकाला गया। इसके साथ ही घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में एसीपी रितेश त्रिपाठी ने ड्रोन के जरिए भी इलाके में निगरानी रखने का काम किया। साथ ही पैदल इलाकों पर गश्त की गई।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से भगवा कमांडर बने हैं विधायक? तब से उनका जलवा हो रहा है जलाल? यहां स्वागत, वहां स्वागत? स्वागतों ने ही जल-जला किया हुआ है जलाल? कहने वाले ने कहा अब 8 दिसम्बर को होना है उनका एक और स्वागत? कवि भैया देना चाह रहे हैं कोई बहुत बड़ी मिसाल? सुना है ये कार्यक्रम भी शहर की जगह नदिया पार में होना है? वो भले ही हो गये हों इधर से विधायक? मगर उन्हें उधर वाला मामला भी नहीं खोना है?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गर्ग साहब का जब पढ़ा उन्हीं के निकट वाले जनप्रतिनिधि ने बयान? बयान में गर्ग साहब ने कहा था कि अध्यक्ष वाले मैटर में कोई भी जनप्रतिनिधि ना दे ज्यादा ध्यान? निकट वाले जनप्रतिनिधि को बहुत ही अच्छी लगी ये बात? उन्होंने गर्ग साहब के शब्दों में अपने शब्द मिलाकर दिया बेहतरीन तालमेल वाला साथ? अचानक हां में हां मिलाते हुए उनके चेहरे पर आ गई मुस्कुराहट? कहा, गर्ग साहब भले ही सलाह दे रहें हों? मगर देखना इस पूरे मैटर में सबसे ज्यादा रहेगी उनकी ही खट-खटाहट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गर्ग साहब के खास ओबीसी चेहरे आजकल रख रहे हैं जगह-जगह अपने दिल के विचार? कौन होगा महानगर अध्यक्ष वाले मैटर में भी उनके आये हैं उद्गार दिल से बाहर? उन्होंने कहा है कि यही होगा संगठन के लिए बेस्ट? जो अब तक रहे हैं पूर्व अध्यक्ष, उनको दिया जाये रेस्ट? नए चेहरे को मिलना चाहिए यहां पर मौका? पूरे प्रेम से बने किसी की बात? या फिर जिनकी चाबी खो गई है, उनके चेहरे पर भी आनी चाहिए मुस्कुराहट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** राजनीति में भी होती है गजब की कहानी? मोस्ट वांटेड विधायक की चरणपादूकाओं की कर रहे थे एक नदिया पार के नेता निगरानी? देखते ही बन रहा था देखते हुए निगरानी करते उनका प्यार? नाराज हो जायेंगे वो हद से ज्यादा, अगर हम उनका नाम ले आये बाहर? जो भी हो निगरानी कुर्सी की हो या पादूकाओं की? इससे सम्मान जाता है झलक? ऐसी ही तो मोहब्बते दिला देती हैं बिछे रहने वालों को फलक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बहुत दिन हो गये यार? साथ-साथ आजकल नहीं हो रहे हैं भगवा रनीता और उदिता दीदी के दीदार? लगता है कुछ तो है दूरियों की वजह? या फिर एक दूसरे से खुद को दूर दिखाकर, ये दोनों ले रही हैं विरोधियों से मजा? वैसे सुना है नेतृत्व वाली बात पर अभी दोनों की नहीं हुई है एक सी राय? क्योंकि कमांडर बनना आसान है? मजा तो तब है जब बलिदान करके पहलवान होया जाये? हो सकता है बलिदान वाली बात ही बन रही हो दूरियों की वजह? दोनों को जब हम एकजुट देखते हैं तो हमें आता है राजनीति में मजा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की एक भगवा कमिश्नरी के कमिश्नर आजकल बहुत ज्यादा है कमांडर के विधायक बनने से उत्साहित? हमने देखा इनकी कमिश्नरी में था नवविधायक के सम्मान में प्रोग्राम? जैसे ही विधायक जी की एन्ट्री प्रोग्राम में हुई? फिर भगवा कमिश्नर भूल गये सारे काम? भूल गये वो महापुरूषों के चित्र पर चढ़ाना माला? मामला कर दिया उन्होंने झींगा-लाला? बीच में दिलाया किसी ने उनको इस बात का ध्यान? तब कहीं जाकर थमा स्वागत का तूफान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के जाट नेता हैं बृज वाले एरिया के प्रभारी? सुना है चौधराहट का संदेश देने का मामला उनके दिल में हो गया है जारी? पता चला है कि वो लेकर दो भगवा मैम्बर चौधरियों को साथ? मिस्टर ढाका का खाता खोलना चाहते हैं साहब? वो देना चाहते हैं इस चेहरे को भगवा कमिश्नर का रूप? मगर सुना है यहां पर एक विधायक के प्रिय बॉबी जी अंगद के पैर की तरह जमे हैं? देखना अब ये है कि चौधरी और विधायक जी में से इस जंग को जीत कर कौन मजबूत करता है अपने चेहरे का वजूद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में धीरज से एक भगवा मैम्बर करते हैं काम? सुना है उन्हें प्राप्त हुआ है कहीं से ज्ञान? आजकल वो कईं जगह पर कर रहे हैं इस ज्ञान की बात? कह रहे हैं जब जीडीए की बोर्ड मैम्बरी में ना भत्ता मिलता है, ना सैलरी मिली है? तो फिर इस पद को पाने के लिए लगी रहती है मैम्बरों के दिल में आग? इन शब्दों को कहकर किया उन्होंने डागर सौलंकी, अग्रवाल और मैम्बर शर्मा की ओर इशारा? नाम भी नहीं लिया और कर दिया इशारा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा शीतल दीदी ने इन दिनों राजनीति में उठाया हुआ है तूफान? ईंट का जवाब वो पत्थर से देना सीख गईं हैं श्रीमान? सुना है एक चुनाव में उन्होंने कर दी है बख्शी जी की डिमांड? मगर पता चला है बख्शी जी की टीआरपी तो कुछ ज्यादा ही चल रही है हाई? भौवापुर के चुनाव में उनको अपने साथ देखना चाहते हैं पहलवान भाई? बख्शी जी के चेहरे पर भी डिमांड वाली खुशी साफ दे रही है दिखाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा हान को अभी और भी रखनी चाहिए भविष्य की तैयारी? अभी तो कोई बड़ा चेहरा चलाना चाहता है उनके मामलो पर आरी? इस नेता ने यूनियन वाली जुटानी शुरू कर दी है रिपार्ट? ऑफ्टर चुनाव मारी जा सकती है कुछ अन्य पार्टी से बाहर की जिम्मेदारियों पर भी चोट? ये नेता अभी भी नहीं हुए हैं इनको लेकर सॉफ्ट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

### सौर ऊर्जा में प्रगति

स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगे हैं. वर्ष 2023 में दुनिया में सौर ऊर्जा के उत्पादन में जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरे स्थान पर रहा. इस उपलब्धि के महत्व का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2015 में हमारे देश का स्थान नौवां था. ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक गतिविधियों का अध्ययन करने वाले संस्थान एंबर की ताजा रिपोर्ट में उन 80 देशों के उत्पादन का संज्ञान लिया गया है, जो दुनिया में बिजली की कुल मांग के 92 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा 215 देशों के ऐतिहासिक आंकड़ों को भी अध्ययन में शामिल किया गया है. पिछला वर्ष स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के मामले में पूरे विश्व के लिए संतोषजनक रहा है. सौर ऊर्जा की बात करें, तो इसने वैश्विक ऊर्जा उत्पादन में 5.5 प्रतिशत का योगदान किया है. भारत में यह आंकड़ा 5.8 प्रतिशत रहा है. इस बढ़त से इंगित होता है कि बहुत सारे देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा उत्सर्जन घटाने की दिशा में सक्रिय हैं. भारत की इसमें अग्रणी भूमिका है. उत्पादन में जहां भारत बीते साल तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा जोड़ने के मामले में चौथे स्थान पर आ गया है. स्थापित क्षमता के लिहाज से हम पांचवें पायदान पर हैं। इस सूची में भारत से पहले चीन, अमेरिका और ब्राजील हैं. केवल इन चार देशों ने 2023 में दुनिया के कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 75 प्रतिशत का योगदान किया है. भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है. ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य के स्तर पर लाने के भारत के संकल्प को रेखांकित किया था. इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने अनेक नीतिगत पहल भी किया है. स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2014 से अब तक उत्पादन में 30 गुना वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस जलवायु सम्मेलन के तुरंत बाद फ्रांस के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस का गठन किया था, जिसमें आज सवा सौ से अधिक देश जुड़ चुके हैं. हाल में सूर्योदय योजना का प्रारंभ किया गया है, जिसमें कम आमदनी के परिवारों को सोलर पैनल लगाने के लिए सहायता दी जायेगी. ऐसी योजनाओं में अतिरिक्त बिजली खरीदने तथा मुफ्त बिजली देने का भी प्रावधान है. सौर ऊर्जा के अलावा पवन ऊर्जा, बायोमास, जल विद्युत संयंत्र, कचरे से ऊर्जा निकालने आदि के संबंध में भी प्रयास हो रहे हैं. हाइड्रोजन ऊर्जा से भविष्य में बड़ी उम्मीदें हैं. इन प्रयासों में तेजी की दरकार है।

# आरबीआई ने लघु वित्त बैंकों को यूपीआई के जरिए ऋण देने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को छोटे वित्तीय बैंकों को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के माध्यम से पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइन की पेशकश करने की अनुमति दे दी। इससे पहले, केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को ही प्रमुख भुगतान प्लेटफॉर्म पर पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइन की पेशकश करने की अनुमति थी। आइए इस बारे में और जानें। भारतीय रिजर्व बैंकने शुक्रवार को छोटे वित्तीय बैंकों को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के माध्यम से पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइन की पेशकश करने की अनुमति दे दी। इससे पहले, केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को ही प्रमुख भुगतान प्लेटफॉर्म पर पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइन की पेशकश करने की अनुमति थी।



मौद्रिक नीति में प्रमुख ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने, लेकिन बैंकों के लिए अनिवार्य नकद आरक्षित अनुपात में कटौती करने के बाद आरबीआई ने कहा, इससे वित्तीय समावेशन और अधिक गहरा होगा और औपचारिक ऋण में वृद्धि होगी, विशेष रूप से 'नए ऋण' ग्राहकों के लिए। सितंबर 2023 में, यूपीआई के दायरे का विस्तार किया गया, जिससे पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइनों को प्लेटफॉर्म के माध्यम से जोड़ा जा सकेगा और भुगतान बैंकों, लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर वाणिज्यिक बैंकों द्वारा फंडिंग खाते के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। यूपीआई क्रेडिट लाइन का उद्देश्य व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइन प्राप्त करने में सक्षम बनाना है, जिसका उपयोग भुगतान प्लेटफॉर्म के माध्यम से लेनदेन के लिए तुरंत किया जा सकता है। यह क्रेडिट लाइनों, ओवरड्राफ्ट और खुदरा ऋणों की उपलब्धता और सहज उपयोग की सुविधा प्रदान करता है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है। एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सिटी यूनियन बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडियन बैंक, कर्नाटक बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और तमिलएंड मर्केंटाइल बैंक यूपीआई पर पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइनें प्रदान करते हैं। आरबीआई ने कहा, यूपीआई पर क्रेडिट लाइन में 'नए-क्रेडिट' ग्राहकों के लिए कम-टिकट, कम-अवधि के उत्पाद उपलब्ध कराने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि एसएफबी अंतिम ग्राहक तक पहुंचने के लिए उच्च तकनीक, कम लागत वाले मॉडल का लाभ उठाते हैं और यूपीआई पर क्रेडिट की पहुंच का विस्तार करने में सक्षम भूमिका निभा सकते हैं। आरबीआई ने कहा, ₹इसलिए, एसएफबी को यूपीआई के माध्यम से पूर्व-स्वीकृत क्रेडिट लाइनों का विस्तार करने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। हर महीने लगभग 10,000 करोड़ रुपये का क्रेडिट लेनदेन होता है, जिसमें से लगभग 100-200 करोड़ रुपये यूपीआई पर क्रेडिट लाइन सुविधा से होता है।

## भारत की बेरोजगारी दर सात वर्षों में 6 से घटकर हुई 3.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा दी गई हालिया जानकारी के अनुसार लेटेस्ट वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में पिछले सात वर्षों के दौरान अनुमानित श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में वृद्धि दर्ज की गई है। पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, 2017-18 में अनुमानित श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 46.8 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 58.2 प्रतिशत हो गया है। डब्ल्यूपीआर में यह वृद्धि कोरोना महामारी सहित अवधि में दर्ज हुई है। रोजगार का संकेत देने वाला डब्ल्यूपीआर इस अवधि के दौरान 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति में बेरोजगारी दर (यूआर) 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। पिछले दिनों, महिला रोजगार पर राज्यसभा सांसद सागरिका घोष के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने उच्च सदन को बताया था कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) में लगातार वृद्धि देखी गई है। 2017-18 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात 22 प्रतिशत और श्रम शक्ति भागीदारी दर 23.3 प्रतिशत थी, जो कि 2023-24 में बढ़कर क्रमशः 40.3 प्रतिशत और 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। केंद्रीय मंत्री करंदलाजे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) ने असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की संख्या में वृद्धि दिखाई है, जो 2021-22 में 9.79 करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 10.96 करोड़ हो गई है। एएसयूएसई सर्वेक्षण विशेष रूप से विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों पर केंद्रित है।



## अदाणी ग्रुप पर बुलिश जेपी मॉर्गन चार बॉन्ड को दी ओवरवेट की रेटिंग

**मुंबई।** ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेपी मॉर्गन द्वारा अदाणी ग्रुप के चार बॉन्ड को ओवरवेट की रेटिंग दी गई है। साथ ही कहा है कि अमेरिका मामले के बाद उठा तूफान अब थम गया है। जेपी मॉर्गन ने अपने नोट में अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के तीन बॉन्ड और अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड (एईएमएल) के एक बॉन्ड को ओवरवेट की रेटिंग दी है। यह अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की सहायक कंपनी है। नोट में आगे कहा गया है कि यूएस मामले से आई अस्थिरता के बाद अदाणी समूह के बॉन्ड लगभग 100-200 आधार अंकों तक बढ़ गए हैं। जेपी मॉर्गन ने कहा कि ऑफशोर ऋण के लिए निकट अवधि की परिपक्वताओं के हिसाब से समूह की कंपनियों की तरलता स्थिर लगती है, उन्होंने आगे कहा कि अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का बॉन्ड इश्यू फोकस में होगा। ग्लोबल ब्रोकरेड फर्म के नोट में दी गई जानकारी के मुताबिक, अदाणी पोर्ट्स के पास आंतरिक नकदी प्रवाह का उपयोग करके कारोबार को स्केल करने और बढ़ाने की क्षमता है। ऐसे कारोबार की आंतरिक इक्विटी वैल्यू मजबूत कंफर्ट उपलब्ध कराती है। इससे क्रेडिट स्ट्रेस का भी खतरा नहीं होता है। हाल ही में एक अन्य अमेरिकी फाइनेंशियल रिसर्च फर्म बर्नस्टीन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मौजूदा समय में अदाणी समूह की कंपनियों की वित्तीय स्थिति 2023 में हुए हिंडनबर्ग हमले के मुकाबले काफी मजबूत है। रिपोर्ट में कहा गया कि यूएस मामले के बाद भी अदाणी समूह की जड़ें चार प्रमुख बिंदुओं जैसे शेयर-गिरवी, लीवरेज, लोन भुगतान और मूल्यांकन में मजबूत बनी हुई हैं। हिंडनबर्ग संकट के दौरान प्रमुख चिंताओं में से एक शेयरों का गिरवी होना था, लेकिन समूह ने पिछले 1.5 वर्षों में इसे कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अदाणी समूह की सभी कंपनियों (अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को छोड़कर) में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी में इजाफा हुआ है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी नहीं बढ़ने की वजह कंपनी द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) था।




## भारतीय शेयर बाजार की चाल सपाट, आरबीआई एमपीसी के फैसले के बाद सेंसेक्स 81,709 अंक पर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की रेपो और सीआरआर दरों पर फैसले की घोषणा के बाद सपाट बंद हुआ। आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखी गई, जबकि ऑटो और मेटल शेयरों में खरीदारी रही। सेंसेक्स 56.74 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,709.12 पर बंद हुआ और निफ्टी 30.60 अंक या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,677.80 पर बंद हुआ। आरबीआई एमपीसी की बैठक के नतीजों में रेपो दर को स्थिर रखा गया, लेकिन सीआरआर में 50 आधार अंकों की कटौती को मुख्य आकर्षण के रूप में देखा गया। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने और सीआरआर में 50 आधार अंकों की कटौती कर इसे 4 प्रतिशत पर लागू रखने के साथ केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग सिस्टम में 1.16 लाख करोड़ रुपये डाले हैं। निफ्टी बैंक 94.05 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,509.50 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 263.05 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,704.60 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 158.55 अंक या 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,492.10 पर बंद हुआ। कैपिटल माइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पाला ने कहा कि इस सप्ताह व्यापक बाजारों में अच्छी रिकवरी देखी गई, जिसमें निफ्टी में 3.2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में क्रमशः 3.5 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्पाला ने कहा, ₹एफआईआई ने भी धीमी वापसी का संकेत दिया है, क्योंकि दिसंबर के पहले सप्ताह के आंकड़ों से पता चला है कि शुद्ध नकदी बाजार में लगभग 14,000 करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ है। नवंबर में लगातार बिकवाली के दबाव के बाद यह राहत की बात है। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, रिलायंस, इंफोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स रहे। वहीं, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, मारुति, एलएंडटी और आईटीसी टॉप गेनर्स रहे। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के विपुल भोवर ने कहा कि आरबीआई का रेपो दर निर्णय चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और अप्रत्याशित वैश्विक आर्थिक माहौल के संदर्भ में मुद्रास्फीति के प्रबंधन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन को दर्शाता है।



## रोचक तथ्यों का करंट

- स्वस्थ पाचन के लिए फाइबर और पानी महत्वपूर्ण हैं और तरबूज में ये दोनों शामिल हैं।
- हेललाइकोपीन, फिर से! प्रमुख एंटीऑक्सिडेंट्स में से एक होने के नाते, लाइकोपीन ठंड और फ्लू के शरीर की प्रतिक्रिया में मदद करता है। और यह और दिलचस्प बात यह है कि बच्चों में अस्थमा फूलने को कम करने के लिए यह एंटीऑक्सीडेंट पाया गया है।
- तरबूज साइट्रूलाइन का सबसे प्रचुर प्राकृतिक स्रोत है और फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, साइट्रूलाइन आर्जिनिन से बारीकी से संबंधित है, जो स्वस्थ रक्तचाप को बनाए रखने के लिए आवश्यक एक एमिनो एसिड है।
- नोबेल पुरस्कार के अल्फ्रेड नोबेल, अपने प्रयोगशाला में एक दुर्घटना में अपने भाई को खो दिया। वे तरल नाइट्रोजन के साथ काम कर रहे थे और एक अधिक स्थिर विस्फोटक बनाने का प्रयास कर रहे थे। साल 17 9 5 में, नेपोलियन ने 12,000-फ्रैंक पुरस्कार की पेशकश की, जो कि भोजन को संरक्षित करने और इसे पोर्टेबल बनाने का एक तरीका खोज सके। एक पेरिस के कन्फेक्शनर ने 15 साल का प्रयोग किया और पुरस्कार जीता।

## राशिफल

**मेष:** लंबी अवधि के निवेश से बचें और दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशनुमा पल बिताएँ। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा।

**वृष:** आज सफलता कदम चूमेगी। जीवन के बेहतरीन अवसर सामने आएंगे। आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी। आपका रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मिथुन:** आज के दिन संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें। अगर आप कहीं पैसा लगाना चाहते हैं तो कुछ समय इंतजार करना सही रहेगा।

**कर्क:** लंबित मुआवजा और कर्ज आदि आखिरकार मिल जाएगा। घर में साफ-सफाई की आवश्यकता है। हमेशा की तरह काम को अगली बार के लिए मत टालिए।

**सिंह:** आज दिन सामान्य रहेगा। रिश्तों को संजोने की कोशिश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती हैं। ऑफिस में देर तक काम करना पड़ सकता है।

**कन्या:** दिन की शुरूआत किसी शुभ समाचार से होगी। कारोबार सामान्य चलेगा। परिवार में थोड़ी अनबन हो सकती है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा।

**तुला:** खुद को आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें इससे न केवल आत्मविश्वास और लचीला व्यवहार बढ़ेगा, भय, ईर्ष्या, घृणा जैसी नकारात्मक में भी कमी आएगी।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। मन में नए विचार आ सकते हैं। किसी काम में अपने दोस्तों की राय लेना कारगर साबित हो सकता है।

**धनु:** आप अपनी मेहनत और प्रयासों से करियर में आगे बढ़ेंगे। आज आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**मकर:** शारीरिक व मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग उपयोगी रहेगा। खर्च करते समय अपने आप आगे बढ़ने से बचें, नहीं तो आप खाली जेब लेकर घर लौटेंगे।

**कुंभ:** आज दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेगा। दिन की शुरूआत में कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। जीवनसाथी का पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

**मीन:** आज बेवजह का तनाव लेने की जरूरत नहीं है। प्रेमी से मुलाकात आपके लिए फायदेमंद रहेगी। शत्रु चिंता करेंगे। प्रॉपर्टी से लाभ होगा।

## चुटकुले

मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है?
टोलू भीड़ को हटाते हुए बोला।
जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला-
जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका पिता हूं।
रास्ता मिल गया और टोलू ने देखा तो एक
गधा घायल पड़ा था।

---

टीटू- लड़कियों के साथ कितना अच्छा है यार
शादी से पहले पापा की परी होती हैं और शादी के बाद
घर की लक्ष्मी हो जाती हैं।
मौंटी- और लड़के?
टीटू- लड़कों का क्या, शादी से पहले पापा से मार
खाते हैं।
और शादी के बाद बीवी से।

---

कल शाम मे एक औरत को ठिठुरता देख
मेरे दोस्त ने अपना कम्बल उसके बदन पर दे दिया।
उसने कम्बल फेकते हुए कहा- गरीब नहीं हूं शादी
में जा रही हूं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस । पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# बुमराह एक कैलेंडर वर्ष में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय तेज गेंदबाज बने

**एडिलेड ।** भारत के जसप्रीत बुमराह ने अपना 31वां जन्मदिन शानदार अंदाज में मनाया, वह 2024 में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए। यह उपलब्धि शुक्रवार को एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जा रहे टेस्ट मैच के पहले दिन हासिल की गई, जब बुमराह ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को आउट किया।

इस उपलब्धि के साथ, बुमराह कपिल देव और जहीर खान की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में 50 टेस्ट विकेट लिए हैं। बुमराह ने 2024 के अपने 11वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। कपिल देव एक साल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने हुए हैं, जिन्होंने 1983 में 75 टेस्ट विकेट लिए थे, उसके बाद 1979 में 74 विकेट लिए थे। जहीर खान ने 2002 में 51 विकेट लिए थे।

बुमराह की यह उपलब्धि सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के बाद आई है। अब वह 19 मैचों में 65 विकेट लेकर 2024 के लिए सभी प्रारूपों में विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे आगे हैं।

उनका योगदान न केवल टेस्ट में बल्कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में भी महत्वपूर्ण रहा है, जहां उन्होंने जून में भारत की टी20 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने आठ मैचों में 15 विकेट हासिल किए और टूनार्मेंट के विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे।

रोशनी में गुलाबी गेंद से गेंदबाजी करते हुए, उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ पर एक तेज बाउंसर फेंका। ख्वाजा ने गेंद को रोकने में असमर्थ होकर उसे आगे बढ़ाया, लेकिन गेंद पहली स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों में चली गई।

इससे पहले, बुमराह ने पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत को जीत दिलाई थी, जहां उनका 8/72 का प्रदर्शन टेस्ट इतिहास में किसी मेहमान तेज गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

बुमराह के 50 टेस्ट विकेट उन्हें इस साल के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक बनाते हैं, हालांकि उन्हें शेन वॉर्न के 2005 में एक कैलेंडर वर्ष में 96 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए अभी बहुत कुछ और करना है।

# एडिलेड टेस्ट : मिशेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी, डिनर ब्रेक तक भारत का स्कोर- 82/4

**एडिलेड ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर सीरीज में दूसरा टेस्ट मैच जारी है। एडिलेड में हो रहे डे-नाइट टेस्ट मैच का पहला सीजन मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए बढ़िया रहा है। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने डिनर ब्रेक तक भारत के चार शीर्ष बल्लेबाजों को आउट कर दिया है।



ब्रेक तक भारत का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 82 रन हो चुका है। इस मैच में भारतीय टीम तीन बदलाव के साथ उतरी है। कप्तान रोहित के अलावा शुभमन गिल और रविचंद्रन अश्विन की भी वापसी हुई है। हालांकि रोहित शर्मा इस बार ओपनिंग की जगह मिडिल ऑर्डर में खेल रहे हैं।

भारतीय पारी की बात करें तो यशस्वी जायसवाल के रूप में टीम इंडिया को पहली ही गेंद पर बड़ा झटका लगा। पर्थ टेस्ट के शतकवीर यशस्वी जायसवाल हालांकि इस पारी में पहली ही गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हो चुके हैं। उनको मिशेल स्टार्क ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद केएल राहुल और शुभमन गिल के बीच बढ़िया अर्धशतकीय साझेदारी हुई।

केएल राहुल 64 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेलकर आउट हुए और उनको मिशेल स्टार्क ने नाथन मैकस्वीनी के हाथों कैच आउट कराया। इस विकेट के बाद भारत के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। जोश हेजलवुड की जगह पर प्लेइंग 11 में शामिल हुए तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने शुभमन गिल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। गिल ने आउट होने से पहले 51 गेंदों पर 31 रनों की पारी खेली।

इसके बाद मिशेल स्टार्क ने सत्र की बड़ी सफलता हासिल करते हुए विराट कोहली को 7 रनों के स्कोर पर स्टीव स्मिथ के हाथों कैच आउट करा दिया। इस तरह से भारत के तीन विकेट केवल 12 रनों के स्कोर पर गिर गए।

# शेफील्ड शील्ड मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से इंगलिस को रिलीज किया गया

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर शेफील्ड शील्ड मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलने के लिए रिजर्व बल्लेबाज जोश इंग्लिश को अपनी टीम से रिलीज कर दिया है।

न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में इंगलिस का शामिल होना एक आश्चर्य की बात है, क्योंकि शुरूआत में उन्हें 13 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड के साथ अपनी एकादश की पुष्टि करने के बाद, इंगलिस गुरुवार शाम को सिडनी के लिए विमान से गए और फिर उन्हें वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया एकादश में शामिल किया गया।

इंगलिस को गुरुवार दोपहर ऑस्ट्रेलिया के वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र में एडिलेड ओवल में नेट्स में देखा गया, इससे पहले कि वह तीन बार के चैंपियन वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने के लिए टीम से बाहर हो जाएं इंग्लिस ऑस्ट्रेलिया की विस्तारित टेस्ट टीम के



एक मात्र सदस्य हैं, जिसमें अब ब्यू वेबस्टर, सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट शामिल हैं, जिन्हें शेफील्ड शील्ड मैचों के इस दौर के लिए रिलीज किया जाएगा, जो सोमवार को समाप्त होगा, जिससे इंग्लिस की ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में चयन के लिए उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि अगर जरूरत पड़ी तो इंग्लिस को टेस्ट टीम में वापस बुलाया जा सकता है।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान सैम व्हाइटमैन का भी स्वागत किया, जो साइड स्ट्रेन से उबर चुके हैं और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया प्रीमियर क्रिकेट में फ्रेमंटल के लिए शतक बनाया है। हालांकि, व्हाइटमैन की अनुपस्थिति में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले एश्टन टर्नर को व्हाइटमैन के साथ बल्लेबाजी करते समय इसी तरह की चोट लग गई, जिससे वह एससीजी मुकाबले से बाहर हो गए। उनकी वापसी की समयसीमा अनिश्चित बनी हुई है, जिसका असर बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स पर पड़ सकता है।

# आरसीबी के हेजलवुड और भुवनेश्वर ने चिन्नास्वामी में पहली बार आईपीएल खेलने को खास 'घर वापसी' बताया

**बेंगलुरु ।** जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार, जो आईपीएल 2025 की नीलामी में चुने जाने के बाद दूसरी बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में वापसी कर रहे हैं और उन्हें लगता है कि यह सिर्फ एक पेशेवर अवसर नहीं बल्कि दिल से घर वापसी है।

दिलचस्प बात यह है कि दोनों खिलाड़ियों ने पहले भी आरसीबी की जर्सी पहनी है, लेकिन आईपीएल के किसी भी पिछले सीजन में 'चिन्नास्वामी' में गेंदबाजी की जिम्मेदारी नहीं निभाई। दोनों इतिहास के इस हिस्से को बदलने के लिए उत्सुक हैं और बेंगलुरु के प्यारे क्रिकेट किले में नई यादें बनाने का लक्ष्य रखते हैं।

भुवनेश्वर, जिन्होंने 2009 में आरसीबी के साथ अपना आईपीएल सफर शुरू किया था, आरसीबी के रंग में रंगने और लीग में खेलना शुरू करने के बाद पहली बार बेंगलुरु स्थित फ्रेंचाइजी के लिए गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालने और अनूठा अनुभव बनाने के लिए उत्सुक हैं।

भुवनेश्वर ने कहा, आरसीबी का हिस्सा बनकर वाकई बहुत खुश हूं, यहीं से मैंने 2009 में शुरूआत की थी। मैं आरसीबी प्रबंधन को मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और इतना प्यार दिखाने के लिए आरसीबी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। एक बेहतरीन सीजन का इंतजार है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम जो पिछले कई वर्षों से सिर्फ एक क्रिकेट ग्राउंड से कहीं बढ़कर रहा है; यह बेंगलुरु का दिल है - जुनून, गर्व और प्रशंसकों के अटूट समर्थन का प्रतीक, जो हर मैच को एक त्यौहार में बदल देते हैं और खिलाड़ी के चिन्नास्वामी में खेलने के दौरान अविश्वसनीय, निडर भावना लेकर आते हैं।

इन भावनाओं को दोहराते हुए, आरसीबी के पूर्व स्टार क्रिस गेल ने चिन्नास्वामी के जादू को उजागर किया और प्रशंसकों के साथ अपने बंधन को याद किया। आरसीबी बोल्ड डायरी वीडियो में गेल ने कहा, प्रशंसक, दहाड़, नारे, यह शानदार है, और मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। माहौल हमेशा शानदार था - जीत हो या हार, हम साथ रहे। यह उन बेहतरीन मैदानों में से एक है, जहां मैंने खेला है।

हेजलवुड के लिए, आरसीबी के साथ उनका पिछला कार्यकाल महामारी के दौरान था, जब बेंगलुरु में मैच नहीं खेले गए थे। इसके बावजूद, उन्होंने 15 मैचों में 8.26 की इकॉनमी से 23 विकेट लेकर एक स्थायी छाप छोड़ी।

अपनी वापसी पर विचार करते हुए, हेजलवुड ने कहा, इस साल आरसीबी में वापस आकर उत्साहित हूं। हमें प्रतियोगिता में सबसे अच्छे प्रशंसक मिले हैं; हर मैच घरेलू मैच जैसा लगता है। इसलिए, मैं इंतजार नहीं कर सकता।



# एडिलेड टेस्ट : उनका थोड़ा ध्यान भंग हुआ गिल के आउट होने पर बोले स्टुअर्ट क्लार्क

**एडिलेड ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर स्टुअर्ट क्लार्क का मानना है कि भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल का थोड़ा ध्यान भटकना उनके आउट होने का कारण बना। शुक्रवार को एडिलेड ओवल में डे-नाइट टेस्ट के पहले दिन स्कॉट बोलैंड ने उन्हें आउट किया।

शुभमन पर्थ टेस्ट में चोट के कारण नहीं खेल सके थे। उन्होंने वापसी करते हुए पांच शानदार चौके लगाए। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में कोई कमी नहीं दिखाई। इससे पहले उन्होंने मनीका ओवल में पिंक-बॉल प्रैक्टिस मैच में अर्धशतक लगाया था।

हालांकि, 22वें ओवर की पहली गेंद पर, बोलैंड की हाफ-वॉली को फ्लिक करने की कोशिश में शुभमन चूक गए और 31 रन पर एलबीडब्ल्यू हो गए। उन्होंने 51 गेंदें खेलीं, लेकिन आउट होने से पहले अंतिम 29 गेंदों में सिर्फ 2 ही खेल पाए थे। यही उनकी आउट होने की वजह बनी।

स्टुअर्ट क्लार्क ने एबीसी रेडियो पर कहा, मुझे समझ नहीं आया कि वह क्या कर रहे थे। गेंद उनके पैड के सबसे निचले हिस्से पर लगी। ये एक हाफ-वॉली थी, जिसे उन्होंने मिस कर दिया। उन्होंने रिव्यू क्यों लिया, ये भी समझ नहीं आया। शायद उन्हें लगा होगा कि वह लाइन के बाहर हैं। लेकिन मुझे लगता है कि वह खेल को धीमा करने की कोशिश में फंस गए थे।

क्लार्क ने आगे कहा, शुभमन ने खुद को भटकने दिया। ओवर के बीच में वह ऋषभ पंत से बात करने चले गए, और यह दिखा कि वे खेल को धीमा करने की कोशिश कर रहे थे। इस वजह से उनका ध्यान भंग हुआ।

पहले सेशन में भारत ने 4 विकेट गंवाए और स्कोर 82/4 हो गया। पहले भारत का पलड़ा भारी लग रहा था, लेकिन इन झटकों ने सेशन का फायदा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में कर दिया। डिनर ब्रेक के बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम को दो और विकेट मिल चुके हैं।

क्लार्क ने यह भी कहा, पहले सेशन में हमने सबकुछ देखा। यह टेस्ट बहुत तेज गति से आगे बढ़ने वाला है। इस पिच और मौसमी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा।



# फामूर्ला 1 ने चीनी ग्रां प्री अनुबंध को 2030 तक बढ़ाया

**शंघाई ।** फॉमूर्ला 1 ने चीनी ग्रां प्री के पांच साल के विस्तार की घोषणा की है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिष्ठित शंघाई इंटरनेशनल सर्किट 2030 सीजन तक कैलेंडर पर बना रहेगा।

यह घोषणा पांच साल के अंतराल के बाद 2024 में शंघाई में फॉमूर्ला 1 की सफल वापसी के बाद की गई है। इस आयोजन ने 200,000 प्रशंसकों को आकर्षित किया और मैक्स वर्स्टैर्पेन को स्प्रिंट और मुख्य ग्रां प्री पर हावी होते देखा, जिसने इस रेस को सीजन के मुख्य आकर्षणों में से एक बना दिया।

2004 में अपनी पहली रेस के बाद से, जिसे रुबेंस बैरिकेलो ने जीता था, 5.45 किमी शंघाई इंटरनेशनल सर्किट को इसके अनूठे लेआउट और तकनीकी चुनौतियों के लिए जाना जाता है, इसके विशिष्ट कोने, जैसे कि टर्न 1 और 2 का कड़ा क्रम और हाई-स्पीड,



हाई-जी टर्न 7 और 8, ड्राइवरों को बहुत पसंद आते हैं और ट्रैक पर रोमांचकारी एक्शन देते हैं।

सर्किट ने पिछले कुछ वर्षों में 10 अलग-अलग विजेताओं को जन्म दिया है, जिसमें लुईस हैमिल्टन की छह जीत और फर्नांडो अलोंसो की दो जीत मौजूदा ड्राइवरों में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन हैं।

अनुबंध विस्तार ऐसे समय में हुआ है जब फॉमूर्ला 1 चीन में अभूतपूर्व वृद्धि का आनंद ले रहा है। प्रशंसकों की संख्या 150 मिलियन से अधिक हो गई है, जिनमें से आधे से अधिक प्रशंसकों ने पिछले चार वर्षों में अपनी एफ1 यात्रा शुरू की है। उल्लेखनीय रूप से, इस दर्शक वर्ग में 50 फीसदी महिलाएं हैं, जो खेल की व्यापक अपील को दर्शाता है।

दर्शकों की संख्या में इस वृद्धि को उजागर करता है, 2024 में टीवी दर्शकों की संख्या 2023 सीजन के औसत की तुलना में 39 फीसदी बढ़ गई है।

# छह विकेट लेने के बाद स्टार्क ने कहा गेंद अच्छी तरह से बाहर आ रही है

**एडिलेड ।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का डे-नाइट टेस्ट में गुलाबी कूकाबुरा गेंद से विकेट लेने का जुनून तब जारी रहा जब 14.1 ओवर में 48 रन देकर 6 विकेट लेने के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट के पहले दिन भारत को 180 रन पर समेट दिया।



छह मिमी घास वाली पिच पर, स्टार्क ने मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल को एलबीडब्लू आउट कर दिया, जिससे कई लोगों को 2021 में गाबा में रोरी बर्न्स को आउट करने के उनके तरीके की याद आ गई। इसके बाद उन्होंने केएल राहुल और विराट कोहली को आउट करने के लिए डबल स्ट्राइक की, इससे पहले उन्होंने रविचंद्रन अश्विन, हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी को आउट किया और भारत के खिलाफ अपने पहले टेस्ट पांच विकेट लिए।

स्टार्क ने डिनर ब्रेक के दौरान प्रसारकों से कहा, मुझे नहीं पता। मैं नहीं बता सकता। मुझे लगता है कि गेंद अच्छी तरह से आ रही है; हम इतना बुरा नहीं खेले; उन्होंने पर्थ में हमसे बेहतर खेला। ईमानदारी से कहूं तो इतना नहीं (अगर उन्होंने कल्पना की थी कि पहली गेंद पर जायसवाल को स्विंग मिलेगी)। खेल दर खेल कुछ भी नहीं बदलता, यह एक अच्छी शुरूआत थी।

स्टार्क ने भारत को धूल चटाते हुए शानदार स्पैल डाला, जिसका मतलब था कि उन्होंने पिंक बॉल टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, और टेस्ट क्रिकेट के इस प्रारूप में सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एडिलेड में उमस भरे मौसम के कारण स्पैल के अंत में उन्हें ऐंठन हुई थी।

निश्चित रूप से इससे इंजन को मदद नहीं मिली, अंत में थोड़ी ऐंठन हुई। यह (पिंक बॉल) अजीब पैच से गुजरती है, ज्यादा कुछ नहीं करती और फिर चलती है।

# ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी चेन्नइयन एफसी

**चेन्नई ।** चेन्नइयन एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी शनिवार को शाम 5:00 बजे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य जीत से अपने अभियान को मजबूती देना होगा।

ईस्ट बंगाल एफसी आठ मैचों में एक जीत, एक ड्रा और छह हार से चार अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर बैठी है। हालांकि ईस्ट बंगाल ने अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 1-0 हराकर इस सीजन में जीत का स्वाद चखा था। वहीं, चेन्नइयन एफसी 10 मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और चार हार से 12 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। वो लगातार दो हार का सिलसिला खत्म करके जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगी।



कोलकाता क्लबों के खिलाफ रिकॉर्ड: चेन्नइयन एफसी ने कोलकाता के क्लबों के खिलाफ अपने पिछले दो आईएसएल मैच 0-1 के समान स्कोरलाइन से गंवाए हैं, जब वे 26 सितंबर, 2024 को मोहम्मडन एससी से और फिर 30 नवंबर, 2024 को मोहन बागान सुपर जायंट से हारे थे।

कम गोल: मरीना मचान्स अपने पिछले दो मैचों में गोलरहित रहे हैं, जो दिसंबर 2023-फरवरी 2024 के बीच उनके पिछले खराब प्रदर्शन को दोहराता है, जब वे लगातार तीन मुकाबलों में गोल नहीं कर पाए थे।

### ईस्ट बंगाल एफसी की डिफेंस क्लीन शीट: ईस्ट बंगाल एफसी ने इस सीजन में पहली बार लगातार दो क्लीन शीट हासिल की है, जो उनकी डिफेंसिव मजबूती दिखाता है

डिफेंडर अनवर: अनवर अली ने इस सीजन में तीन मैचों में 8+ क्लीयरेंस दर्ज किए हैं, जो स्टीफन एजे और एलेक्स साजी के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक है। आमने-सामने आईएसएल में दोनों टीमों के बीच आठ मुकाबले हुए हैं, जिसमें से चेन्नइयन एफसी ने दो बार जीत हासिल की है जबकि ईस्ट बंगाल एफसी एक मैच जीती है। पांच मैच ड्रा रहे हैं। कोच कॉर्नर चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम हालिया असफलताओं के बावजूद, अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने कहा, हम अभी भी अच्छी स्थिति में हैं। इसलिए मैं आगे बढ़ने को लेकर उत्साहित हूं क्योंकि आगामी मुकाबले घर पर हैं ।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय मिथलेश बिंदल को श्रद्धांजलि



गाजियाबाद करंट क्राइम। आशुतोष बिंदल की माता जी स्वर्गीय मिथलेश बिंदल की शोकसभा मेरठ में एसजीएम गार्डन में आयोजित की गई। आशुतोष बिंदल की माता जी मिथलेश बिंदल का निधन 26 नवंबर को हो गया था। उनकी शोक सभा शुक्रवार 6 दिसंबर को आयोजित हुई। शोक सभा,हवन, रसम पगड़ी में परिवार,रिश्तेदार ,समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय मिथलेश बिंदल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।




## वो फोटो वाले पर्चे बांटेगें फिर भी देखना सब कन्नी काटेगे

पटेल वाले मौहल्ले में मानवीय सवेंदना वाला चुनावी फैक्टर ही फेल हो गया और सही में यहां अकेले एक के साथ नही बल्कि दूसरे दावेदारों के साथ भी खेल हो गया। इस वार्ड में हर कोई सिम्पैथी कार्ड को लेकर श्योर था मगर किसी को नही पता था कि इस वाले इलेक्शन में मानवीय मूल्यों की केयर नही होगी और कोई टिकट दिलवाने के लिये नही बल्कि टिकट कटवाने के लिये अड़ जायेगा। बहरहाल ये फूल वालों का पालिसी मैटर हैं और जब साइड इफेक्ट आये तो सगंठन वालों ने भी कह दिया कि दिवंगत के फोटो लगाओ तब वोटो के लिये जाओ। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि यहां तो रायता फैलता ही जा रहा है और अभी आगे आगे देखना क्या होता है यहां मौहल्ला भाजपाई ने बताया कि भाईसाहब कौन बुराई लेगा और किसके लिये लेगा यहां। उन्होने कहा कि वो भले ही फोटो वाले पर्चे बांटेगें लेकिन आप देख लेना यहां प्रचार के लिये आने में कई नेता कन्नी काटेगें। यहां जिसका कल्याण होना है वो जाने मगर यहां तो थीम ही दूसरी आ गई है। किसी की दावेदारी भी इग्नोर कर दी और किसी को घर से बुलाकर दिया।

## रहेगा वही फसाना खुद ही लड़ना पड़ेगा चुनाव तुम्हे मकवाना

शहर का छोटा सा मौहल्ला और किसी के मरने के बाद हो रहे चुनाव में इतना बड़ा हल्ला। हाथ वाली को रोकने के लिये उसकी झाडू वाली नौकरी ही कोई खा गया। वो भी कम नही थी और उसने एडवांस में रिजाईन देकर वॉक ओवर का कोई चांस ही नही दिया। जिस बिरादरी को लेकर फूल वाले आये उसी बिरादरी को लेकर हाथ वाले भी आ गये। चुनावी तैयारी की बात चली तो बताने वाले ने बता दिया कि आप समझ लो कि यहां वही रहेगा फसाना और वो भी इस बात को समझ ले कि चुनाव तो तुम्हे खुद ही लड़ना पड़ेगा मकवाना। हाथ वाले लीडर ने ऑफ द रिकार्ड बता दिया कि इस मौहल्ले में टीम ही कहां हैं जो चुनाव लड़वा देगी। उसने कहा कि हमारी बात गलत लग रही हो तो विधानसभा लड़ने वाले सिंहराज से पूछ लो,वो खोल देगें सारे राज। पता चला है कि साईकिल वाले ही इधर कम ही दिखाई देगें और चुनाव में भागदौड़ स्वंय मकवाना जी को ही करनी है।

## लोकसभा वालों की तरह तुम भी जोड़ लेना अपने खाते में

वो नये नये विधायक बने हैं तो कार से लेकर कुर्ते तक फूलों की खुशबु आ रही है। हर घंटे में हर मौहल्ले में वैलकम चल रहा है। दो बार फूल वालों के विधायक रहें और फिर भी कौन सा विकास रह गया के सवाल पर कई चुनाव देख चुके भाजपाई ने कहा कि वो भी जोड़ लेगें पहले वालों की तरह और मिक्स विकास तो एक ही माना जायेगा क्योंकि हुया तो बाबा सरकार में ही है। बता दिया कि उनकी भी विकास वाली रिपोर्ट आई थी और उसमें उन्होने पार्षदों के विकास को भी अपने विकास में गिन लिया था। ऐसे ही ये वाले विधायक जी भी लोकसभा के विकास को अपने विकास में जोड़ लेगें और मौहल्ला विकास भी इन्ही की कॉपी में दर्ज होगा। टोटल विकास जब भाजपा की हुकूमत में ही हुया तो बहुमत से ये फूल खातें में दर्ज होगा, इसमें किसी को भी नही कोई हर्ज होगा।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा महानगर कार्यालय पर डॉ. अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर विधायक एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में महानगर कार्यालय पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया।

इस मौके पर राजा वर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, महानगर महामंत्री सुशील गौतम, महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, अमर दत्त शर्मा, कृष्ण वीर चौधरी, कामेश्वर त्यागी, सह मीडिया प्रभारी करण शर्मा, लीलू चौधरी, संदीप त्यागी, राजनगर मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक, लोकेश गर्ग, गिरीश अवस्थी एवं अनेक महानगर पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# संजय नगर में हुआ आयुष्मान कैम्प का आयोजन

## 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 लाख रुपए की मुफ्त इलाज की है योजना





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पीएम मोदी द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत देश के 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। आयुष्मान योजना का नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए भाजपा के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी लगातार कार्यरत हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के वार्ड नंबर 71 के पार्षद उमेश पप्पू नागर के नेतृत्व में आमजन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 लाख रुपए की मुफ्त इलाज की आयुष्मान योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु निःशुल्क आयुष्मान कैम्प का आयोजन किया गया। पार्षद पप्पू नागर ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश सरकार मिलकर डबल इंजन के रूप में आमजन को सरकारी योजनाओं को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, वरिष्ठ नागरिक समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष हरपाल सिंह, महासचिव देशबंधु गोयल, कोषाध्यक्ष भगवत स्वरूप शर्मा, शत्रुघ्न प्रसाद, सेवाराम शर्मा, महामंत्री अमित गोस्वामी, मनोज गिरी, नीरज त्यागी, भूषण शर्मा, हरेंद्र यादव, अनुज राघव, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष आर एन राम, तनुज खन्ना, अनिल अरोड़ा, गुड्डू चौहान, राहुल शर्मा, अभिजीत मुखर्जी, भावना जौहरी व अन्य गणमान्य स्थानीय वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# वार्ड 81 में नगर निगम ने की सफाई व्यवस्था शुरू



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में विकास कार्यो को रफ्तार देने के लिए नगर निगम ने तीन नाली सफाई की मशीन भेजी गई है। इसको लेकर वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने नाले व सड़क पर अतिक्रमण को लेकर नगरायुक्त को पत्र के माध्यम से जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि वार्ड 81 में जगह जगह सड़क, पार्क और नालो लोगों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है जिस कारण लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। चारो ओर बिल्डिंग का सामान मार्बल टाईल्स रोड पर पड़ी रहती है। इसी के चलते गुरुवार को वार्ड 81 में छोटी सफाई मशीन भेजी गई जिसने वार्ड में काम करना भी शुरू कर दिया है। पार्षद ने कहा कि यहां की नालियां खुदवाई जा रही है जिस सड़क पर बरसात का पानी ना भरे।




## लाइन में हुई दंगा नियंत्रण ड्रिल

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शुक्रवार को फ्राइडे अलर्ट वाला सीन था। तो बताया जा रहा है कि हरचलों पर नजर भी रखी जा रही थी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाली लाइन में भी पुलिसकर्मियों और रिजर्व पुलिस बल को दंगा नियंत्रण ड्रिल कराई गई है। वह बात अलग है कि पहले मीडिया सेल द्वारा इस तरीके के आयोजन और कार्यक्रमों को प्रचार प्रसार किया जाता था। उनको जन-जन तक पहुंचाया जाता था लेकिन लंबे समय से मीडिया सेल की हालत क्या है यह किसी से छुपी नहीं है। पहले यहां वो एसीपी थे जो प्रदेश वाली मीडिया सेल से आए थे। उन्होंने पूरी तरह से यहां पर मोर्चा भी संभाला था लेकिन पुलिस कमिश्नरेट की तमाम महत्वपूर्ण सूचना मीडिया सेल से ही मिलती थी लेकिन अब प्रेस कांफ्रेंस और चंद मामलों की जानकारी ही दी जाती है। सूत्रों ने बताया है कि शुक्रवार को पुलिस वाली लाइन में परेड थी और परेड के बाद दंगा नियंत्रण वाली ड्रिल की गई है। जानकारी मिली है कि इस दौरान पुरुष और महिला दोनों पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया, तो हालत बिगड़ने के बाद स्थिति कंट्रोल करने की भी ट्रेनिंग दी गई है। कुल मिलाकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण ड्रिल में शामिल किया गया था। सूत्र जानकारी दी है कि कई टू-स्टार ठीक से पत्थर का बचाव नहीं कर पा रहे थे। तो आगे पीछे दौड़ने का अंदाज भी उनका ठीक नहीं था। वहीं क्विक रिएक्शन टीम भी मौके पर गठित कर उनको दंगाइयों को खदेड़ने की रिहर्सल कराई गई थी। सूत्रों ने बताया है कि कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि दंगा नियंत्रण ड्रिल के दौरान मामला राइट रहा। किसी प्रकार के हालात नहीं बिगड़े और फटकार वाला सीन भी नहीं बना है। वहीं पुलिस के सूत्रों के जरिये सुनने में आ रहा है कि पुराने वाले लाइन के प्रभारी एसीपी ने ही इस दौरान उपस्थित भी दर्ज कराई और ड्रिल भी कराई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन की स्थिति अंडर कंट्रोल रही। कई जोन में ड्रोन और पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों पर भी नजर रखने का काम किया गया। कुल मिलाकर मामला राइट रहा और कहीं फाइट वाला सीनं सुनने को मिला नहीं है।



# भारत विकास परिषद ने लगवाया नेत्र जांच शिविर




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इंदिरापुरम द्वारा डां अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि अवसर एवं शोर्य दिवस उपलक्ष्य में 17 वां नैत्र जांच शिविर रिवेरा पब्लिक स्कूल शिप्रा रिवेयरा में लगाया गया।

इसके साथ-साथ दंत चिकित्सा कोल्व डेटल एवं जनरल फिजिशियन शिविर डॉ आलोक गुप्ता द्वारा लगाया गया। इस अवसर पर लगभग 208 बच्चों एवं स्कूल स्टाफ ने अपना सम्पूर्ण चेकअप कराया जर्नल फिजिशियन डॉक्टर शकील लाइफ हॉस्पिटल ने बच्चों को अपना खान-पान सुधारने एवं फास्ट फूड से बचने की सलाह दी। डॉक्टर आकृति ने बच्चों के अंदर कैविटी से बचने के लिए बच्चों के पेरेंट्स से को हेल्दी फूड एवं सुबह शाम दांत साफ करने की सलाह दी।

सुनीता नागपाल ने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने एवं बच्चों को पाश्चात्य जीवन शैली से बच पौष्टिक आहार घर का बना खाना एवं समय समय पर परिवारिक मैडिकल जांच कराने का आव्हान किया।इस अवसर पर अध्यक्ष विनिता वाजपेयी, रविन्द्र तिवारी, रिचा वालिया, अरूण शर्मा, संरक्षक हेमन्त कुमार वाजपेयी आदि उपस्थित लोग मौजूद रहे।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने महापरिनिर्वाण दिवस पर बीआर आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के अध्यक्ष रामदुलार यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि समाजवादी विचारक शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि डा0 अम्बेडकर विलक्षण बहुआयामी प्रतिभावान रहे। उन्होंने दलित, पीड़ित, प्रताड़ित, वंचित वर्ग को समाज को मुख्यधारा में लाने का जीवन भर काम किया तथा संविधान की रचना कर गरिमामय जीवन जीने का मानव को अधिकार दिये, कानून के समक्ष सभी बराबर है व्यवस्था की। उन्होंने भारत के लोगों के दुःख का कारण अशिक्षा, अज्ञानता, आडम्बर, अन्धविश्वास को माना। उन्होंने महिलाओं को भी आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया। इस अवसर पर श्याम नारायण, राम दुलार यादव, जगन्नाथ प्रसाद, इंजी धीरेन्द्र यादव, संतोष ठेकेदार, ओमपाल, राजपाल यादव, चंद्रभान, ब्रह्म प्रकाश, रमेश गौतम, राकेश, मो ताहिर आदि लोग मौजूद रहे।

## भौपुरा मंडल में बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भौपुरा मंडल अध्यक्ष ओमेन्द्र कसाना के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके सम्मान में नारे लगाए गए। मंडल अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना ने कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने देश को भेदभाव मुक्त बनाने व एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। उन्हें आधुनिक भारत का निमार्ता बताते हुए कहा कि उनके दिए संविधान से ही आज देश के नागरिकों के अधिकार सुरक्षित हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना, अंकित गिरी, सतपाल कसाना, सनी यादव, मनोज कसाना, राजकुमार चंदेल, देवेंद्र कसाना आदि लोग मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 6 दिसंबर की तारीख केवल फूल वालों के लिए ही शौर्य दिवस नहीं है। ये तारीख वरिष्ठ पत्रकार तथा सुप्रसिद्ध कवि राज कौशिक के लिए भी खास है। इस तारीख को ही उन्होंने पूरे शौर्य के साथ सात फेरो के साथ अपने वैवाहिक जीवन की शुरूआत की थी। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा जारी रहे। बधाई शुभकामनाएं का सिलसिला जारी रहे। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# एक और अहम शहर पर विद्रोहियों का कब्जा

## राष्ट्रपति के पिता की मूर्ति तोड़ी, अब बढ़ रहे होम्स की तरफ

**बेरूत ।** पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के हमले के बाद इस्राइल ने जो जंग शुरू की थी, वो अभी खत्म भी नहीं हुई है। सीरिया में एक और युद्ध शुरू हो गया है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से सीरिया में जो कुछ भी हो रहा है, वो इस बात के सबूत हैं कि मध्य-पूर्व में युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीरिया में बीते 27 नवंबर से सेना और विद्रोहियों के बीच चल रहे संघर्ष में सेना को एक और झटका लगा है। विद्रोहियों ने एक और शहर हमा पर भी कब्जा कर लिया है। सेना ने एलान करते हुए बताया कि विद्रोहियों ने शहर में डिफेंस लाइन को तोड़ दिया था, जिसके बाद उन्होंने पीछे हटने का फैसला किया है। हमा शहर, अलेप्पो के बाद सीरिया का सबसे अहम शहर है। सीरियाई सेना ने शहर को खाली करने का एलान कर दिया है।



सीरिया के हमा शहर पर विद्रोहियों का कब्जा हो गया है। इस दौरान विद्रोहियों ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के पिता की मूर्ति भी तोड़ डाली। हमा से पहले सीरिया विद्रोहियों ने तीन बड़े शहरों पर कब्जा किया था। विद्रोही गुटों ने पिछले सप्ताह, उत्तरी सीरिया पर अपने हमले तेज करते हुए सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया था। अलेप्पो के बाद हमा सीरिया का अहम शहर था।

### करीब एक सप्ताह से चल रहा विद्रोह

इस्लामी चरमपंथी विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विद्रोहियों ने एक सप्ताह से भी कम समय पहले अपना आक्रमण शुरू किया था, ठीक उसी समय जब पड़ोसी लेबनान में इस्राइल और असद के सहयोगी हिजबुल्ला के बीच संघर्ष विराम समझौता हुआ था।

### हयात तहरीर अल-शाम ने जीत का किया एलान

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एचटीएस के नेता अबू मोहम्मद अल-जवलानी ने हमा में जीत की घोषणा की है। हालांकि, इससे पहले विद्रोहियों और उनके सहयोगियों ने हमा की सेंट्रल जेल पर कब्जा कर लिया था।

# अमेरिका में भूकंप के तेज झटके, कैलिफोर्निया में सात की तीव्रता से कांपी धरती; सुनामी का अलर्ट

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। झटके इतने तेज थे कि डरे सहमे लोग अपने घर और दफ्तरों से बाहर निकल आए। अमेरिकी भूकंप विज्ञानियों के मुताबिक, कैलिफोर्निया के तट पर गुरुवार को शक्तिशाली भूकंप आया। इसके बाद इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी की गई।




यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र फर्नडेल से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिणपश्चिम में 10 किलोमीटर (छह मील) की गहराई में था।

होनोलुलु में राष्ट्रीय मौसम सेवा के सुनामी चेतावनी केंद्र की ओर से जारी चेतावनी में कहा गया, 'प्रारंभिक भूकंप मापदंडों के आधार पर भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के भीतर स्थित तटों पर खतरनाक सुनामी संभव है।' चेतावनी में कहा गया कि अभी तक किसी भी इलाके में कोई लहर नहीं आई है, लेकिन तटरेखा के पास रहने वाले किसी भी व्यक्ति को अलर्ट रहने की जरूरत है। हम किसी भी तरह के खतरे की संभावना को नजरअंदाज नहीं कर सकते क्यों आता है भूकंप? पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं।

नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। जानें क्या है भूकंप के केंद्र और तीव्रता का मतलब? भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है।

कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है।

# बांग्लादेश ने कोलकाता में अपने उप-उच्चायुक्त को किया तलब, अगरतला में उच्चायोग की सेवाएं निलंबित

**ढाका ।** बांग्लादेश ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर विरोध प्रदर्शन के बाद तत्काल परामर्श के लिए कोलकाता में कार्यवाहक उप उच्चायुक्त शिकदर अशरफुर रहमान को तलब किया। रहमान राजनीतिक मामलों के मंत्री भी हैं। वे अब ढाका लौट आए हैं। कोलकाता में बांग्लादेशी उच्चायोग ने पिछले हफ्ते राजनीतिक दलों और धार्मिक समूहों द्वारा कई विरोध प्रदर्शन देखे।



त्रिपुरा के अगरतला में बांग्लादेश उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मंगलवार को सभी वीजा और कॉन्सुलर सेवाओं को निलंबित कर दिया।

चिन्मय दास की गिरफ्तारी के विरोध में अगरतला उच्चायोग में तोड़फोड़ यह फैसला ढाका में इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में अगरतला उच्चायोग के परिसर में तोड़फोड़ की घटना के बाद लिया गया।

कोलकाता में बांग्लादेश उप-उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, कोलकाता में हमारे मिशन के बाहर जारी विरोध प्रदर्शन के बाद अशरफुर रहमान को तत्काल परामर्श के लिए ढाका बुलाया गया।

वह अगले हफ्ते दोनों देशों के बीच होने वाली विदेश सचिव की वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल का भी हिस्सा होंगे। वह इस महीने के मध्य तक कोलकाता लौट जाएंगे।

### अगले सप्ताह विदेश सचिव स्तर की बैठक

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की निंदा करते हुए कोलकाता में बांग्लादेशी मिशन को पिछले सप्ताह राजनीतिक दलों और धार्मिक समूहों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा।

बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अगरतला ने के उप उच्चायोग में तोड़फोड़ की घटना को देखते हुए ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के विदेश सचिव स्तर की बैठक के लिए अगले सप्ताह बांग्लादेश जाने की उम्मीद है।

# अफगानिस्तान की महिलाओं के लिए उठी आवाज

## मेडिकल प्रशिक्षण पर पाबंदी को वापस लेने की मांग

**नईदिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (डलडलफ) ने अफगानिस्तान के निजी चिकित्सा संस्थानों में महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण हासिल करने पर थोपी गई पाबंदी पर गहरा दुख और नाराजगी जताई है। यूएन उच्चायुक्त वोल्कर टर्क ने इस प्रतिबंध को सत्तारूढ़ तालेबान प्रशासन द्वारा अफगान महिलाओं व लड़कियों के विरुद्ध एक और सीधा प्रहार करार देते हुए इसे वापिस लेने की मांग की है। यूएन कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने गुरुवार को उच्चायुक्त टर्क की ओर से जारी एक वक्तव्य में तालेबान प्रशासन के इस कदम को बेहद भेदभावपूर्ण बताया और सचेत किया कि इससे महिलाओं व लड़कियों के जीवन के लिए कई प्रकार के जोखिम उत्पन्न होंगे।




यूएन मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, राजसत्ता द्वारा प्रायोजित भेदभावपूर्ण निर्णयों की एक लंबी फेहरिस्त में यह नई कड़ी है, जिनके जरिए अब तक शिक्षा, कामकाज समेत अन्य क्षेत्रों में महिलाओं व लड़कियों को निशाना बनाया गया है। मानवाधिकार उच्चायुक्त ने कहा है कि ऐसे कदमों को उठा करके, अफगानिस्तान के भविष्य को पूरी तरह से अपने कब्जे में लेने की कोशिश की जा रही है।

**तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता हथिया ली थी, जिसके बाद से महिला अधिकारों के लिए हालात तेजी से खराब हुए हैं। उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता को नकारा जा रहा है, जिनमें शिक्षा, कार्य, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, आवाजाही, भय से आजादी और भेदभाव से मुक्ति के अधिकार हैं**

लड़कियों को माध्यमिक स्तर की शिक्षा से दूर कर दिया गया है और महिलाओं के युनिवर्सिटी में पढ़ाई-लिखाई पर पहले ही पाबंदी लगा दी गई थी। महिलाओं व लड़कियों के मनोरंजन पार्क, सार्वजनिक स्नानघर, जिम, स्पोर्ट्स क्लब में जाने पर पाबन्दी है और देश में महिलाओं व लड़कियों के लिए पोशाक संहिता सख्ती से लागू की गई है। उन्हें बिना किसी पुरुष संगी के लम्बी यात्रा करने की अनुमति नहीं है।

मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि इस तालेबानी फैसले से महिलाओं व लड़कियों के लिए, उच्चतर शिक्षा की ओर जाने वाला एकमात्र रास्ता भी बंद हो जाएगा।

# भारत ने जलवायु संकट के लिए विकसित देशों को ठहराया जिम्मेदार, कहा- अपने दायित्वों को पूरा नहीं कर रहे

**हेग ।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में जलवायु संकट पर चल रही सुनवाई के दौरान विकसित देशों पर निशाना साधा। नई दिल्ली ने कहा कि इन देशों ने वैश्विक कार्बन बजट का ज्यादा हिस्सा इस्तेमाल किया, जलवायु वित्त का वादा पूरा नहीं किया और अब विकासशील देशों से उनके संसाधनों का उपयोग कम करने की मांग कर रहे हैं। आईसीजे में सुनवाई यह तय करने के लिए हो रही है कि देशों के पास जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कानूनी जिम्मेदारियां क्या हैं और यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो इसके परिणाम क्या होंगे।



विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव लूथर एम रंगरेजी ने बृहस्पतिवार को भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि जिन देशों ने ऐतिहासिक रूप से नगण्य उत्सर्जन किया है उनसे जलवायु परिवर्तन को कम करने में समान बोझ उठाने की अपेक्षा करना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों ने वैश्विक कार्बन बजट का असंगत तरीके से उपयोग किया है। विकसित देशों को 2050 से पहले ही नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करके दुनिया के सामने उदाहरण पेश करना चाहिए।

### नागरिकों पर बोझ डालने की हमारी एक सीमा

रंजरेजी ने कहा कि भारत में दुनिया की 17.8 फीसदी आबादी रहती है। इसके बावजूद जलवायु परिवर्तन में उसका योगदान 4 फीसदी से भी कम है। उन्होंने कहा कि अपने नागरिकों पर बोझ डालने की हमारी एक सीमा है, भले ही हम दुनिया की आबादी के छठे हिस्से के सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं

**असमानताओं को दूर किया जाना आवश्यक ।** भारत ने कहा कि विकासशील देशों के दायित्व जलवायु वित्त और जलवायु न्याय इन दो महत्वपूर्ण पहलुओं की पूर्ति पर निर्भर करते हैं। लेकिन विकसित देशों की ओर से जलवायु परिवर्तन को कम करने में विकासशील देशों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मदद नहीं दी जा रही है। जिम्मेदारी और क्षमता में मौजूदा असमानताओं को दूर किए बिना जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक सहयोग सफल नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि विकसित देशों की ओर से वादा किए गए वित्तीय, तकनीकी समर्थन की कमी के बावजूद, भारत पेरिस समझौते के तहत अपने एनडीसी के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एनडीसी यानी राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए हर देशों की तरफ से बनाई जाने वाली योजना है।

### 14 दिसंबर तक चलेगी सुनवाई

दो दिसंबर से शुरू हुई यह सुनवाई 14 दिसंबर तक चलेगी। दुनिया भर के 15 जजों की पीठ मामले में सुनवाई कर रही है।

# कनाडा ने हथियारों के 324 मॉडलों पर लगाया प्रतिबंध; इसे लोगों से इकट्ठा कर यूक्रेन भेजने की तैयारी

**ओटेवा ।** कनाडा ने एक बड़ा कदम उठाया है। इससे जहां रूस के साथ चल रहे संघर्ष में यूक्रेन की मदद होगी। वहीं, अपने देश की जनता को भी सुरक्षित कर लेंगे। दरअसल, उसने गुरुवार को हमला करने वाले हथियारों के 324 मॉडलों पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया। इन हथियारों को दुकानों से इकट्ठा करके यूक्रेन भेज दिया जाएगा।



**35 साल पहले हुए नरसंहार की वर्षगांठ पर लिया फैसला :** यह फैसला मॉन्ट्रियल में इकोले पॉलिटेक्निक में एक नारी-विरोधी हमले की 35वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर लिया गया। इस हमले में 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। इस पूरी घटना ने लोगों पर गहरे निशान छोड़ दिए। जन सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने कहा कि सामूहिक गोलीबारी में मारे गए लोगों की यादों का सम्मान करने के लिए बंदूक नियंत्रण पर कार्रवाई करना और इन भयानक अपराधों को करने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों तक पहुंच को प्रतिबंधित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कनाडा में फिर से सामूहिक गोलीबारी से कोई समुदाय, कोई परिवार तबाह न हो।

# दोनों देशों के रिश्तों में अहम आयाम, भारत-अमेरिका संबंधों पर अरबों की डील कराने वाले विवेक लाल बोले

**वॉशिंगटन ।** भारत और अमेरिका के बीच दिन-ब-दिन संबंध काफी गहरे होते जा रहे हैं। वॉशिंगटन में चल रही राष्ट्रपति के सत्ता हस्तांतरण के बीच एक शीर्ष भारतीय-अमेरिकी रक्षा नेता ने कहा कि सुरक्षा एवं रक्षा पर द्विदलीय समर्थन और सहयोग भारत-अमेरिका साझेदारी का सबसे अहम आयाम है।



जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी डॉ. विवेक लाल ने कहा कि 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारियों में से एक भारत और अमेरिका की है। इस गठबंधन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम सुरक्षा और रक्षा में द्विदलीय समर्थन और सहयोग है। कई लक्ष्यों को करते हैं साझा जून 2016 में दुनिया के सबसे बड़े मानवरहित सौदे की वकालत तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की थी और इस साल उनके उत्तराधिकारी जो बाइडन ने इसे अंजाम तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह इस संबंध के रक्षा और सुरक्षा पहलुओं के द्विदलीय समर्थन का प्रतिबिंब है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'बड़े, जीवंत लोकतंत्रों की राजधानियों के रूप में, वाशिंगटन और नई दिल्ली स्वाभाविक साझेदार हैं। साथ ही दुनिया भर में शांति, स्थिरता और सुरक्षा के लिए समान रूप से कई लक्ष्य साझा करते हैं।'

अक्तूबर में, लाल को तीन अरब डॉलर से अधिक के एक बड़े ड्रोन सौदे सहित भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूशन में डिस्टिंग्विश्ड विजिटिंग फेलो नियुक्त किया गया था।

### भारत को मिल रहा चीन और पाकिस्तान का 'काल'

भारत को अमेरिका से एमक्यू9बी यानी प्रीडेटर ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

# मार्शल लॉ लगाने पर सैनिकों से भिड़ी महिला

## बंदूक छीनी और बोली- शर्म नहीं आ रही

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया में लगातार बवाल मचा हुआ है। यहां के हालात तब ज्यादा बदतर हो गए, जब तीन दिसंबर की रात राष्ट्रपति यून सुक-योल ने इमरजेंसी यानी मार्शल लॉ लगाने का एलान किया। उनकी घोषणा के बाद हेलमेट पहने सैनिक संसद भवन में घुस आए और छत पर सेना के हेलीकॉप्टर उतरते देखे गए। नेशनल असेंबली यानी वहां की संसद के बाहर हजारों प्रदर्शनकारी जमा हो गए। विरोध के चलते आखिरकार महज कुछ घंटों के भीतर ही राष्ट्रपति को मार्शल लॉ समाप्त करना पड़ा था। इस पूरे विवाद के बीच एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया। इसमें वह राइफल लिए सैनिकों से जूझती नजर आईं। महिला के साहस की हर कोई तारीफ करता दिखा। हालांकि, दक्षिण कोरियाई पार्टी की प्रवक्ता ने जोर देकर कहा है कि वह कुछ खास बहादुर नहीं थीं।



### 190 सांसदों ने सैनिकों को ललकारा

राष्ट्रपति यून सुक योल को इस सप्ताह मार्शल लॉ की अपनी घोषणा को वापस लेने के लिए तब मजबूर होना पड़ा, जब 190 सांसदों ने हेलमेट और बॉडी आर्मर पहने सैनिकों की टुकड़ी को ललकारा। साथ ही सर्वसम्मति से इसे मार्शल लॉ को समाप्त करने के लिए मतदान किया।

महिला का वीडिया हुआ वायरल वीडियो में 35 साल की पूर्व टीवी एंकर आह्न ग्वि-रयोंग (विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रवक्ता) एक सैनिक के साथ हाथापाई करते और उनकी बंदूक को कसकर पकड़ते हुए दिखाई दे रही हैं। गुरुवार शाम तक यूट्यूब पर इस वीडियो को 12 लाख से अधिक बार देखा जा चुका था।

मुझे बस सैनिकों को रोकना था: डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रवक्ता वायरल हो रही वीडियो में आईं प्रतिक्रियाओं पर रयोंग ने कहा, 'मेरा सिर्फ एक ही विचार था कि मुझे उन्हें रोकना था। मैंने उन्हें दूर धकेला, उन्हें दूर भगाया और जो कुछ भी मैं कर सकती थी, वह किया। बहुत से लोग मार्शल लॉ के खिलाफ सैनिकों से लड़ रहे थे, इसलिए मैंने सोचा कि मुझे भी उन्हें रोकना होगा।'

मंगलवार को जब सांसद एकत्र हुए तो उनके सहयोगियों ने फर्नीचर से गेट को बंद कर दिया। यहां तक कि सभी ने मिलकर एक मानव श्रृंखला बनाई और सैनिकों पर अग्निशामक यंत्र से हमला किया।

# भाजपा नेता पवन गोयल पारूल गोयल ने मनाई मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल और उनकी पत्नी पारुल गोयल ने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली मनाई। कौशांबी के रेडिसन होटल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में गुरुवार की शाम समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल और उनकी पत्नी पारुल गोयल को बधाई शुभकामनाए देते हुए उनके सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।

## जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई कहा शिकायत का किया जायेगा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

### हमें पूर्ण विश्वास है कि एक बार में ही हो जायेगा गुणवत्तापूर्ण शिकायत का निस्तारण: शिकायतकर्ता

**जनसुनवाई से सम्बंधित प्रकरणों को समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अधिकारियों को दिए दिशा–निर्देश**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने जनसुनवाई व जनसुनवाई से सम्बंधित प्रकरणों को समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने हेतु अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं आवेदकों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को समयावधि देते हुए कहा कि यदि दिये गये समय में शिकायत का निष्पक्ष, स्वतंत्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है तो आप मुझसे दोबारा मिल सकते है, जिससे कि शिकायत का निष्पक्ष, स्वतंत्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। इस मौके पर एमडीएम प्रशासन रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन

### डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप और चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने किया ध्वजारोहण









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के मौके पर चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने नागरिक सुरक्षा कार्यालय के प्रांगण में ध्वजत्तोलन किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने नागरिक सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी और रक्त दान शिविर का उद्घाटन सुबह 11 बजे सिविल डिफेंस ऑफिस, कलेक्ट्रेट परिसर , गाजियाबाद पर किया। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी में रक्तदान के लिए आए सभी वार्डन का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर 6 महीने में एक बार रक्तदान कर के लोगो के जीवन को बचाने में अपना योगदान दे सकता है। इस कैंप का आयोजन एम एम जी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी, प्र.डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, स्टोर सुप्रिटेंडेंट विमलेश कुमारी, डिविजनल वार्डन टाऊन हॉल राजेंद्र शर्मा, डिविजनल वार्डन कलेक्ट्रेट सुधीर कुमार, प्र.डिविजनल वार्डन राजेंद्र नगर ए के ठाकुर, डिविजनल वार्डन आरक्षित हर्ष वर्मा, स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन गोपाल बंसल, प्र. डिप्टी डिविजनल वार्डन टाऊन हॉल नवनीत कुमार, प्र. डिप्टी डिविजनल वार्डन कोतवाली रवि अग्रवाल, डिप्टी डिविजनल वार्डन आरक्षित पंकज बंसल,स्टाफ ऑफिसर रमन सक्सेना,संध्या त्यागी के साथ भारी संख्या में वार्डन ने प्रतिभाग कर के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गाजियाबाद के तीन वार्डन हर्ष वर्मा डिविजनल वार्डन आरक्षित, चैतन्य जैन स्टाफ ऑफिसर और राजन गुप्ता पोस्ट वार्डन के साथ स्टोर सुप्रिटेंडेंट विमलेश कुमारी जी को महानिदेशक प्रशस्ति पत्र और डिस्क से भी सम्मानित किया गया। समस्त उत्तर प्रदेश में कुल आए 15 प्रशस्ति पत्र में से 4 गाजियाबाद आए है। ब्लड डोनेशन कैंप में कुल 39 लोगो ने रक्तदान किया।

## प्रत्येक लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ चिकित्सालयों के रिजेक्ट केस का जल्द करें निवारण: एडीएम सिटी गम्भीर सिंह





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान एडीएम सिटी गम्भीर सिंह ने चिकित्सालय प्रबंधकों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वह योजना के लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। प्रत्येक लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएं, इसके साथ ही सभी चिकित्सालय प्रबंधक अपने–अपने चिकित्सालय परिसर में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की व्यवस्था करें जिससे कि लाभार्थी अस्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक प्रकार से उपचार प्रदान किया जा सके और योजना के संबंध में सकारात्मक छवि बने। शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि चिकित्सालयों द्वारा किये गये उपचार के सापेक्ष भुगतान किये जाने का कार्य एवं उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए आईएसए एवं एसएचए टीम त्वरित कार्यवाही से कार्य करें। जिससे चिकित्सालयों की रुचि भी बनी रहे एवं योजना के लाभार्थियों को समान रूप से लाभ प्राप्त होता रहे। बैठक में आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डॉ.राजेश तेवतिया, डीआईयू टीम से अजय रावल, सोनू एवं आईएसए डिस्ट्रिक्ट को–ऑर्डिनेटर तथा योजना में आबद्ध चिकित्सालयों के प्रबंधक एवं चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित हुए।

## परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को संविधान निमार्ता बाबा भीम राव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रीय लोकदल महानगर द्वारा अंबेडकर पार्क में नवयुग मार्केट स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर अध्यक्ष डा० रेखा चौधरी ने बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए महान कार्यों के बारे में बताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने बाबा साहब के चरित्र पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डा रेखा चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू, प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, प्रदेश सचिव राजेंद्र चंदेला और किशन राघव, विधानसभा अध्यक्ष राजू गौतम और तरु चौधरी, महानगर महासचिव शेर सिंह मौर्य, महानगर उपाध्यक्ष अमित चौधरी, नवांब बाल्मीकि, दीपा सिरोही, सुमन अग्रवाल, श्वेता सिंह, सरजीत, मोमिन मलिक, कय्यूम देवेंद्र मलिक, टेक चंद, पवन गौतम, राजू सिंह, डा संजय बैंसला, दीपक पर्चा, सुशील पांचाल, रितिक पांडे, आदित्य सिंह आदि उपस्थित रहे ।